
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    देहरादून, मंगलवार, 17 अक्टूबर 2023 ₹ 1    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



शारदीय नवरात्रि का आज तीसरा दिन है और इस दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 14 अंकः 278 पृष्ठः 08    RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com    उत्तराखण्ड संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### पिथौरागढ़ जिले में महसूस किए गए भूकंप के हल्के झटके

**टीम एक्शन इंडिया/पिथौरागढ़**
पिथौरागढ़ जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। इस भूकंप का केंद्र धारचूला के पास नेपाल में था। इससे किसी भी तरह के जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने यह जानकारी दी है।

### शेरेबीबी में 224 मीटर सेतु का निर्माण कार्य पूरा: नितिन गडकरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में लगभग 12 करोड़ की लागत से शेरेबीबी में 224 मीटर के दो-लेन के पुल का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। सोमवार को केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म पर पोस्ट कर बताया कि यह पुल एनएच -44 के रामबन से बनिहाल खंड पर स्थित है। इससे यात्रा दूरी 125 मीटर कम होगी और खड़ी ढलान से बचा जा सकेगा। इससे वाहनों की आवाजाही आसान होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान देगी और समग्र कनेक्टिविटी को बढ़ाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत हम जम्मू एवं कश्मीर राज्य में बेहतर राजमार्ग बुनियादी ढांचा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

### लोस चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू कराने के लिए याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
लोकसभा और विधानसभाओं में 33 फीसदी महिला आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर 2024 लोकसभा चुनाव से पहले आरक्षण लागू करने का आदेश देने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को परिसीमन के बाद लागू करने के प्रावधान को हटाया जाए और इस कानून को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संसद ने महिला आरक्षण को लेकर कानून पारित किया।

## 'शराब नीति अनियमितता मामले में आप को आरोपी बनाने पर विचार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि हम दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी बनाने पर विचार कर रहे हैं। जांच एजेंसियों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि वे शराब नीति अनियमितता मामले में 'आप' को आरोपी बनाने पर विचार कर रहे हैं। मामले में मनीष सिसोदिया की



जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान जांच एजेंसियों की ओर से यह दलील दी गई। सिसौदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई कल भी जारी रहेगी। इससे पहले आबकारी नीति घोटाले के लाभार्थी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों से गंभीर सवाल पूछे थे। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लाभार्थी

**घिरी आप**

**8 एसवी राजू ने बताया कि वे शराब नीति अनियमितता मामले में 'आप' को आरोपी बनाने पर विचार कर रहे हैं**

आम आदमी पार्टी (आप) को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी क्यों नहीं बनाया गया? न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने यह सवाल तब उठाया, जब भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसौदिया की दो अलग-अलग जमानत याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की गई, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच ईडी द्वारा की जा रही है।

ईडी ने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी ने 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों में अपने अभियान के लिए कई हितधारकों से रिश्वत में मिले 100 करोड़ रुपये का इस्तेमाल किया।

## ओलंपिक 2028 में शामिल होगा क्रिकेट



**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**
**अंतरराष्ट्रीय** ओलंपिक समिति (आईओसी) सदस्य नीता एम अंबानी ने कहा कि लॉस एंजेलिस 2028 के ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया जाना एक स्वागत योग्य कदम है। इस फैसले से दुनिया में ओलंपिक आंदोलन को लेकर लिए नई रुचि और कई नए अवसर पैदा होंगे। मुंबई में चल रहे 141वें आईओसी सत्र में क्रिकेट को आधिकारिक तौर पर ओलंपिक खेल के रूप में शामिल किए जाने पर नीता अंबानी ने कहा, "एक आईओसी सदस्य, एक गौरवान्वित भारतीय और एक क्रिकेट प्रशंसक के तौर पर मुझे खुशी है कि आईओसी सदस्यों ने, लॉस एंजेलिस ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 2028 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए वोट किया।" क्रिकेट सन 1900 में ओलंपिक

**स्वागत**

**8 क्रिकेट सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है**

में खेला गया था तब केवल दो टीमों ने भाग लिया था। अम्बानी ने कहा, क्रिकेट विश्व स्तर पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले खेलों में से एक है और दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला खेल है।

1.4 अरब भारतीयों के लिए, क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं है, एक धर्म है! इतिहास में ऐसा दूसरी बार है जब आईओसी सत्र भारत में आयोजित किया जा रहा है, 40 साल बाद इसकी देश में वापसी हो रही है।

# निठारी कांड के दोषी हुए बरी

= बच्चों का दुष्कर्म कर उन्हें पकाकर खाते थे, वो खौफनाक वारदात जिसे सुनकर सिहर जाते हैं लोग

**फैसला**

**8 जिन 12 मामलों में कोली को निचली अदालत ने फांसी दी थी उन सभी में हाईकोर्ट ने कोली को बरी कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा/प्रयागराज**
**साल** 2006 में जब देश की राजधानी से सटे उत्तर प्रदेश के नोएडा के निठारी में जब एक नाले से नर कंकाल निकलने शुरू हुए तो सबके होश उड़ गए। देखते ही देखते यह खबर देश-दुनिया के मीडिया की सुर्खियां बन गई। हर कोई हैरान कि आखिर नाले में इतने नर कंकाल कैसे मिल रहे हैं। जैसे-जैसे पुलिस की जांच आगे बढ़ती लोगों की हैरत और आक्रोश बढ़ता ही जाता था। देश के हर कोने से अब निठारी के आरोपियों को फांसी देने की मांग होने लगी। मामला गंभीर होता देख इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी।

**2007 में सीबीआई ने शुरू की थी जांचः** 11 जनवरी 2007 को यह केस सीबीआई ने पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया। इस मामले में नरपिशाच के नाम से विख्यात हुए सुरेंद्र कोली का पहली बार इकबालिया बयान 28 फरवरी को दिल्ली में एसीएमएम के सामने दर्ज कराया गया था। कुल 17 मामलों में आरोपित बनाए गए सुरेंद्र कोल और मोनिंदर सिंह पंढेर 16 अक्टूबर 2023 को फिर चर्चा में हैं क्योंकि जिन 12 मामलों में कोली को निचली अदालत ने फांसी दी थी उन सभी में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोली को बरी कर दिया है।



### 12 केस में मिली थी कोली को फांसी की सजा

**कोली** को जिन मामलों में मौत की सजा सुनाई गई उनमें जजों ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। एक मामले में जज ने कहा था कि कोली के प्रति कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। वहीं एक अन्य मामले में जज ने कहा था कि जब तक इसकी जान न जाए तब तक फांसी पर लटकाए रखो। 2005 के रिम्पा हलदर हत्याकांड में मृत्युदंड सुनाते हुए 15 फरवरी 2011 सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोली सीरियल किलर है और उसके प्रति कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। एक केस में सुरेंद्र कोली को दोषी मानते हुए सीबीआई की विशेष अदालत ने फांसी की सजा सुनाई थी। उस वक्त जस्टिस एस. लाल ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि दोषी के मन में हमेशा यही भावना बनी रहती है कि किसको मारूं, काटूं या खाऊं।

### हत्या के बाद करते थे शव के साथ दरिंदगी

**बेहद** चालाकी से बच्चों को अपनी कोठी में बुलाने के बाद ये लोग बच्चों के साथ कुकर्म करते थे और फिर गला दबाकर उनकी हत्या कर देते थे। इतने से भी मन नहीं भरता तो वह बच्चों के छोट-छोटे टुकड़े कर उसे पका कर खा जाते थे और कुछ टुकड़ों को कोठी के पीछे बह रहे नाले में फेंक देते थे। यह लोग इतनी चालाकी से बच्चों को गायब करते थे कि कोई समझ ही नहीं पाता था। लगभग दो सालों तक ये सिलसिला चलता रहा और गांववाले ये समझते रहे कि कोठी के पास पानी की टंकी में कोई भूत है जो बच्चों को गायब कर रहा है।

### 2006 में एक केस से सामने आया मामला

**हालांकि** जब सुरेंद्र कोली का नाम साल 2006 में एक बच्ची के गायब होने के मामले में सामने आया और फिर पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की तो एक-एक कोठी मालिक मोनिंदर सिंह पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली की करतूतें सामने आने लगीं।

## वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ा कर 10 साल की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार ने विमानन क्षेत्र को सुगम एवं बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस की वैधता अवधि बढ़ा कर 10 साल कर दी गई है। अभी तक वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की वैधता पांच साल होती थी। ये अवधि पूरी होने के बाद इसका नवीनीकरण कराना होता था। नागर विमानन मंत्रालय ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि मंत्रालय ने विमान नियम, 1937 में संशोधन किया है। मंत्रालय ने इन संशोधनों के तहत एयरलाइन ट्रांसपोर्ट पायलट लाइसेंस (एटीपीएल) और सीपीएल धारकों के लाइसेंस की वैधता को पांच साल से बढ़ा कर 10 साल कर दी है।

## सितंबर में घटी थोक महंगाई दर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**खुदरा** के बाद अब थोक महंगाई से भी त्योहारों के पहले आम आदमी को बड़ी राहत मिली है। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर सालाना आधार पर सितंबर में घटकर -0.26 फीसदी पर आ गई है। लगातार छठे महीने थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। अगस्त में यह पांच महीने के उच्चतम स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सितंबर महीने में डब्ल्यूपीआई पर आधारित थोक महंगाई दर घटकर -0.26 फीसदी पर आ गई है। सितंबर, 2022 में थोक महंगाई दर 10.55



फीसदी थी। इससे पिछले महीने अगस्त में थोक महंगाई दर पांच महीने के उच्चतम स्तर -0.52 फीसदी पर पहुंच गई थी। वहीं, जुलाई के महीने में यह -1.36 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक सितंबर महीने में मुख्य रूप से पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में रासायनिक तथा रासायनिक उत्पादों, खनिज तेल, कपड़ा, बुनियादी धातुओं और

**राहत**

**8 थोक महंगाई दर सालाना आधार पर सितंबर में घटकर -0.26 फीसदी पर आ गई है**

खाद्य उत्पादों की कीमतों में गिरावट की वजह से थोक महंगाई कम हुई है। आंकड़ों के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की महंगाई सितंबर में घटकर 3.35 फीसदी हो गई, जबकि अगस्त में यह 10.60 फीसदी थी। ईंधन एवं बिजली खंड की महंगाई सितंबर में शून्य से 3.35 फीसदी नीचे रही, जो अगस्त में -6.03 फीसदी थी।

## विवाहित महिला को 26 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट ने विवाहित महिला को 26 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति देने से इनकार किया। कोर्ट ने सोमवार को कहा कि भ्रूण में कोई विसंगति नहीं देखी गई। गर्भावस्था 24 सप्ताह से अधिक की हो गई है, इसलिए चिकित्सकीय गर्भपात की अनुमति नहीं दी जा सकती।

शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला का गर्भ 26 सप्ताह और पांच दिन का हो गया है। इस मामले में महिला को तत्काल कोई खतरा नहीं है और यह भ्रूण में विसंगति का मामला नहीं है।



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ दो बच्चों की मां को 26-सप्ताह का गर्भ समाप्त करने के शीर्ष अदालत के नौ अक्तूबर के आदेश को वापस लेने की केंद्र की याचिका पर जिरह सुन रही थी।

## मिशन गगन यान: श्रीहरिकोटा से 21 अक्टूबर को होगा लॉन्च

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मिशन** गगन यान के पहले परीक्षण उड़ान के लिए अब उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को बताया कि मिशन गगन यान का फ्लाइट टेस्ट व्हीकल एबॉर्ट मिशन (टीवीडी-1) परीक्षण उड़ान के लिए 21 अक्टूबर को निर्धारित है । यह परीक्षण उड़ान श्री हरिकोटा से 21



अक्टूबर सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच होगा। इसरो इस टेस्ट के जरिए क्रू एस्केप सिस्टम के असर को भी जांचेगा। यह 'गगन यान' मिशन का बेहद अहम हिस्सा है।



# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डा. नरेश चौधरी को किया सम्मानित

**सम्मान**

8 डा. नरेश चौधरी ने कुम्भ, अर्द्ध कुम्भ, कांवड़ मेला एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं आयोजनों में उत्कृष्ट कार्य किये हैं।

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय शरीर रचना विभागाध्यक्ष, सचिव इण्डियन रेडक्रास डा. नरेश चौधरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड सरकार की तरफ से अपने मूल दायित्वों व समर्पित भावना से सामाजिक सेवा के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया।



उत्तराखंड सचिवालय सभागार में प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि डा. नरेश चौधरी ने कुम्भ, अर्द्ध कुम्भ, कांवड़ मेला एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों एवं आयोजनों में उत्कृष्ट कार्य किये हैं। साथ ही पूर्व में उत्तराखंड में आई दैवीय आपदाओं में डा. नरेश के किये गये सराहनीय एवं उत्कृष्ट हैं। कोरोना काल और वर्तमान में वैक्सीनेशन में जो समर्पित भावना से की उनकी गई सेवा अतुलनीय है। इनके लिए डा. नरेश को पूर्व में भी समय-समय पर उच्च सम्मानों से सम्मानित किया गया है। । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मैंने डा. नरेश चौधरी की कर्मठता और कार्य कुशलता को नजदीकी से परखा है। उनको दिए गए सम्मान से समाज में समर्पित सेवा करने वाले अन्य अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को अपने कार्यों के साथ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सराहनीय कार्य करने वाले को विभिन्न अवसरों पर सम्मानित किया जाता रहना चाहिये।

इससे सम्मान पाने वाले व्यक्ति को और अधिक कर्मठता एवं समर्पित भावना से कार्य करने की विशेष उर्जा मिलती है।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव आनन्द वर्धन, सचिव मुख्यमंत्री डा. मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, डा. पाण्डेय ने भी डा. नरेश चौधरी को सम्मानित किये जाने पर बधाई दी।

# यमुनोत्री धाम में बर्फबारी शुरू, सीजन की हुई पहली बर्फबारी



**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मौसम विभाग का जारी अलर्ट सही साबित हुआ है। सोमवार को यमुनोत्री धाम सहित गौमुख के उच्च हिमालय क्षेत्रों की पहाड़ियों पर बर्फबारी शुरू हो गई है। यह सीजन की पहली बर्फबारी है। यात्री जहां इसका आनन्द ले रहे हैं वहीं कड़ाके की शीतलहर के साथ ठण्ड भी बढ़ने लगी है। इधर उत्तरकाशी जनपद के निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू होने से ठिठुरन लौट आयी है। लोगों ने इस बार अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह में ही गर्म कपड़े बाहर निकाल लिए हैं। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सिंह पंवार "माही" ने बताया है कि यमुनोत्री की उच्च पहाड़ियों सहित यमुनोत्री धाम में मौसम के करवट बदलते ही सोमवार को दिन से ही बर्फबारी शुरू हो गई।

धाम में पहुंचे देश-विदेश की श्रद्धालुओं को एक ओर जहां बर्फबारी के देखने का मौका मिला वहीं धाम में ठंड ने भी दस्तक दे दी है।

## न्यूज फ्लैश

### पिथौरागढ़ जिले में महसूस किए गए भूकंप के हल्के झटके

**पिथौरागढ़/टीम एक्शन इंडिया**
पिथौरागढ़ जिले में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई। इस भूकंप का केंद्र धारचूला के पास नेपाल में था। इससे किसी भी तरह के जान माल के नुकसान की सूचना नहीं है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी भूपेंद्र महर ने यह जानकारी दी है।

### केंद्रीय विद्यालय रायवाला में हुआ वार्षिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय विद्यालय, रायवाला में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सोमवार को समापन हो गया है। स्वास्थ्य जांच शिविर में 1443 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कैंप के दौरान बच्चों के जनरल फिजिशियन डॉक्टर जगदीश और डॉक्टर कुलदीप बिष्ट ने जांच की। आंखों की जांच डॉक्टर राजे सिंह नेगी और उनके सहयोगी महावीर ने की। दांतों की जांच सीमा डेंटल कॉलेज के टीम ने की।

इस दौरान बच्चों को छोटी-छोटी बीमारियों से कैसे बचाना है, इस बारे में भी डॉक्टर जगदीश ने बताया। डॉ राजे नेगी ने बच्चों को आंखों से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आंखों की देखभाल कैसे करनी है। कैसे इन बीमारियों से बचा जा सकता है, मोबाइल का प्रयोग कम से कम करना है।

डॉ. आदित्य ने दांतों से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में बच्चों को बारीकी से समझाया। उन्होंने बताया कि हमें अपने दांतों को रोजाना दो बार साफ करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश शर्मा द्वारा आए हुए सभी डॉक्टरों का स्वागत और अभिनंदन भी किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की नर्स साक्षी और खेल शिक्षक मनमोहन सिंह नेगी, धर्मेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### राजधानी सहित प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश, बदले मौसम ने लोगों को कराया ठंड का अहसास



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी देहरादून सहित प्रदेश के कई जिलों में झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम के बदले मिजाज ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। हरिद्वार में तेज तूफान से धूल मिट्टी, कूड़ा तेज शहर के रोड और गलियों में पसर गया । तेज आंधी के चलते कई जगह पेड़ की शाखाएं टूट कर गिर गई है। उत्तरकाशी में बादल छाए हुए हैं साथ ही ठंडी हवाएं चल रही है। वहीं विकासनगर में मूसलाधार बारिश हो रही है। मौसम विभाग की ओर से आज सोमवार को बारिश होने के आसार बताए गए थे। केंद्र ने पर्वतीय जिलों में बारिश का ऑरेंज और मैदानी इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया है।

सभी पर्वतीय जिलों में कहीं-कहीं बिजली चमकने और गजर्न के साथ बारिश के आसार हैं। जबकि मैदानी जिलों में भी कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना जताई थी।

मौसम के पूवार्नुमान के अनुसार कल यानी 17 अक्तूबर को भी ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले को छोड़ अन्य सभी जिलों में भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि 18 अक्तूबर से प्रदेशभर का मौसम शुष्क रहेगा।

# गौकशी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने गौकशी मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है। लक्सर कोतवाली में गौकशी के मामले में 31 वर्षीय आसिफ पुत्र मतलब निवासी जोरासी जबरदस्तपुर थाना कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को ऑपरेशन प्रहार के तहत उसके निवास स्थान जौरासी जबरदस्तपुर रूड़की से गिरफ्तार कर लिया।

# केंद्रीय विद्यालय रायवाला में हुआ वार्षिक स्वास्थ्य जांच शिविर

**स्वास्थ्य परीक्षण**

8 तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर में 1443 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्रीय विद्यालय, रायवाला में तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का सोमवार को समापन हो गया है। स्वास्थ्य जांच शिविर में 1443 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कैंप के दौरान बच्चों के जनरल फिजिशियन डॉक्टर जगदीश और डॉक्टर कुलदीप बिष्ट ने जांच की। आंखों की जांच डॉक्टर राजे सिंह नेगी और उनके सहयोगी महावीर ने की। दांतों की जांच सीमा डेंटल कॉलेज के टीम ने की।

इस दौरान बच्चों को छोटी-छोटी बीमारियों से कैसे बचाना है, इस बारे में भी डॉक्टर जगदीश ने बताया। डॉ राजे नेगी ने बच्चों को आंखों से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि आंखों की देखभाल कैसे करनी है। कैसे इन बीमारियों से बचा जा सकता है, मोबाइल का प्रयोग कम से कम करना है।

डॉ. आदित्य ने दांतों से संबंधित होने वाली बीमारियों के बारे में बच्चों को बारीकी से समझाया। उन्होंने बताया कि हमें अपने दांतों को रोजाना दो बार साफ करना है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश शर्मा द्वारा आए हुए सभी डॉक्टरों का स्वागत और अभिनंदन भी किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की नर्स साक्षी और खेल शिक्षक मनमोहन सिंह नेगी, धर्मेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

# तमंचा और कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**बरामद**

8 तलाशी लिए जाने पर आरोपित के पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है
पथरी थाना पुलिस चैकिंग अभियान पर थी। इसी दौरान शिवगढ़ में पुलिस ने शक होने पर एक व्यक्ति को रोका। तलाशी लिए जाने पर आरोपित के पास से एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

आरोपित का नाम रविंद्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ग्राम शिवगढ़ थाना पथरी हरिद्वार बताया गया है।

## श्री रामसेवक रामलीला कमेटी मुखानी का हुआ ध्वज पूजन

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
श्री रामसेवक रामलीला कमेटी मुखानी की ओर से सोमवार को ध्वज पूजन किया। पंडित जगदीश चंद्र जोशी ने विधिविधान से पूजा-अर्चना कराई।

कमेटी पदाधिकारियों ने बताया कि रामलीला मंचन का शुभारंभ 25 अक्तूबर से किया जाएगा। यहां विधायक सुमित हृदयेश, मेयर जोगेंद्र रौतेला, भाजपा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री ललित जोशी, ऋचा उपाध्याय, हिमांशु तिवारी, मनोज पाठक, पूजा जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में पांच नवम्बर तक होंगे छात्रसंघ चुनाव




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में आगामी पांच नवम्बर तक एक ही तिथि पर छात्रसंघ चुनाव कराये जायेंगे। छात्र संघ चुनावों में लिंगदोह समिति की सिफारिशों का अनुपालन किया जायेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपतियों और निदेशक उच्च शिक्षा को सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दे दिये गये हैं। उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा के सत्र को नियमति करने के लिये सरकार ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इसके अंतर्गत एक प्रवेश, एक परीक्षा, एक परिणाम, एक चुनाव व एक दीक्षांत शामिल है। इसी क्रम में विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरात पांच नवम्बर से पहले गत वर्ष की भांति एक ही तिथि में छात्रसंघ चुनाव आयोजन करने का निर्णय लिया गया है ताकि छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में होने वाले अनावश्यक व्यवधान को रोका जा सके। इस संबंध में राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व निदेशक उच्च शिक्षा को छात्र संघ चुनाव संबंधी सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं। मंत्री ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव में लिंगदोह समिति की सिफारिशें लागू करने के निर्देश दे दिये गये हैं, जिसके तहत कोई भी छात्र छात्रसंघ पदाधिकारी का चुनाव केवल एक बार व कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव दो बार लड़ सकता है। इसी प्रकार छात्रसंघ प्रत्याशियों द्वारा प्रचार-प्रसार महाविद्यालय व विश्वविद्यालय परिसर में ही किया जा सकता है। इसका अधिकतम खर्चा रुपये पांच हजार नियत है। छात्रसंघ चुनाव के प्रत्याशियों को अपने चुनाव व्यय का ब्योरा चुनाव परिणाम घोषित होने के दो माह के भीतर देना होगा।

# मां वैष्णवी की भक्ति में झूमी महिलाएं ,लगाये जयकारे



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
नवरात्र महोत्सव के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी स्वरूप के दर्शन-पूजन के लिए नगर के तमाम देवी मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। नारियल, चुनरी, बताशा और फल आदि अर्पित कर भक्तों ने पूरे विधि विधान से मां का पूजन किया। दिनभर दर्शन-पूजन का दौर चला। इससे माहौल भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर परिवार की समृद्धि की कामना की। घरों में पूजन कर भजन और कीर्तन किया।कात्यायनी मंदिर में महिला मंडली ने मां की बेहद सुंदर भेंटें प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बनाए रखा।मंदिर के संस्थापक गुरुविंदर सलूजा ने बताया कि सोमवार को मां दुर्गा के स्वरूप ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की गई। मां का यह रूप काफी शांत और मोहक माना जाता है, जो व्यक्ति मां के इस रूप की पूजा करते हैं, उनकी हर मनोकामना पूरी होती है। ब्रह्मचारिणी के हाथों में अक्षमाला और कमंडल सुसज्जित है। माता का यह रूप ब्रह्मचर्य का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। श्रद्धालुओं को पीले रंग के वस्त्रधारण कर मां की पूजा करने से अत्यंत शुभ रहता है। मां को कमल का फूल, गुड़हल का फूल अर्पित करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। दूध, दही शहद भी मां को अर्पित करने और गाय के घी का दीपक प्रज्ज्वलित करने से मां सभी कामनाएं पूरी करती हैं। देवी दुर्गा का यह दूसरा रूप भक्तों एवं सिद्धों को अमोघ फल देने वाला है। देवी ब्रह्मचारिणी की उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार, संयम की वृद्धि होती है।

# विजयादशमी पर्व पर घोषित होगी बद्रीनाथ धाम के कपाट बन्द होने की तिथि

**बदरीनाथ मंदिर**

8 कपाट बंद होने की तिथि घोषित करने के लिए श्री बदरीनाथ मंदिर में समारोह आयोजित किया जायेगा

**बद्रीनाथ/केदारनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
शीतकाल के लिए श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि विजयादशमी पर्व मंगलवार 24 अक्टूबर को बदरीनाथ धाम में तय की जायेगी, जबकि भगवान श्री केदार के कपाट भैयादूज पर्व पर 15 नवंबर को शीतकाल के लिए बन्द किए जाएंगे।



कपाट बंद होने की तिथि घोषित करने के लिए श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर में धार्मिक समारोह आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुताबिक श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में रावल एवं धर्माधिकारी पंचांग गणना के पश्चात कपाट बंद होने के शुभ मुहूर्त की घोषणा की जायेगी। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह सहित अधिकारी कर्मचारी, हक-हकूकधारी मौजूद रहेंगे।बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने की तिथि तय करने के कार्यक्रम समारोह में यात्रा वर्ष 2024 के लिए मंदिर भंडार की जिम्मेदारी के तहत मंदिर समिति हक -हकूकधारियों को पगड़ी भेंट करेगी। उन्होंने बताया कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट परंपरागत रूप से भैयादूज पर बुधवार 15 नवंबर को विधि-विधान से बंद हो जायेंगे और भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति शीतकालीन प्रवास पर श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ पहुंचेगी।

विजयदशमी पर्व पर ही द्वितीय केदार मद्महेश्वर के कपाट बंद होने की तिथि श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ और तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट बंद होने की तिथि शीतकालीन गद्दी स्थल मार्कंडेय मंदिर मक्कूमठ में तय होगी। श्री गंगोत्री मंदिर समिति के अनुसार श्री गंगोत्री धाम के कपाट शीतकाल के लिए अन्नकूट के अवसर पर 14 नवंबर को पूर्वाह्न 11.45 बजे बंद हो जायेंगे जबकि श्री यमुनोत्री धाम के कपाट भैयादूज पर 15 नवंबर को शीतकाल के लिए बंद होंगे।

# घर में घुस कर दिया था चोरी की घटना को अंजाम, दो गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने के दो आरोपितों को कोतवाली रानीपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी का सामान व नगदी भी बरामद की है। आज पुलिस ने दो आरोपितों को चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की गई चाँदी की पायल व 2000 नगदी बरामद कर ली। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम दानिश पुत्र अनीस व मुबारिक पुत्र आबिद निवासीगण ग्राम दादूपुर गोविन्दपुर रानीपुर हरिद्वार बताए।



पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। बीती 15 अक्टूबर को रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दादूपुर गोविन्दपुर रानीपुर में दिलशाद अली पुत्र अख्तर अली निवासी ग्राम दादूपुर गोविन्दपुर निवासी ने पुलिस को तहरीर देकर घर में घुसकर अज्ञात चोरों के चोरी कर लिए जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था।

# बद्री-केदार सहित चार धामों में हो रही जोरदार बर्फबारी, बढ़ी ठंड

**ठंड शुरू**

8 -निचले इलाकों में भी तेज बारिश के साथ कड़ाके की ठंड शुरू, लोगों ने निकाले गर्म कपड़े



**जोशीमठ/गोपेश्वर/उत्तरकाशी**
बद्रीनाथ और केदारनाथ सहित चारों धामों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। यानी बद्री-केदार के साथ उच्च हिमालयी क्षेत्रों में दोपहर बाद से बर्फबारी शुरू हो गयी। इसके साथ ही निचले इलाकों में भी तेज बारिश के चलते कड़ाके की ठंड पड़नी शुरू हो गई है। इसके मद्देनजर मंदिर समिति और जिला प्रशासन धामों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाओं में जुट गया है।
उत्तराखंड के मौसम विभाग का पूवार्नुमान एक बार फिर सही साबित हुआ है। सुबह से बादल छाए रहने के बाद दोपहर से निचले इलाकों में मूसलाधार बारिश शुरू है तो श्री बद्रीनाथ धाम, श्री केदारनाथ, यमुनोत्री, गंगोत्री धामों और हेमकुण्ड साहिब-लोकपाल सहित नीती-माणा घाटियों में जोरदार बर्फबारी हो रही है। इससे पूरे क्षेत्र ठंड बढ़ गई है।
ठंड बढ़ने से श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के साथ स्थानीय लोग भी गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे हैं। बद्रीनाथ एवं केदारनाथ धामों मे बीकेटीसी एवं जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं को अलाव की व्यवस्था भी की जा रही है। बर्फबारी के बाद अधिकांश तीर्थयात्रियों का दर्शनों के बाद धामों से लौटने का क्रम जारी है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने बद्रीनाथ एवं केदारनाथ में मौजूद मंदिर समिति के आलाधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए बेहतर दर्शन एवं अलाव आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं।

# शिकायतों के निस्तारण के लिए आम लोगों को चक्कर न कटवाएं : डीएम दीक्षित



**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जनता दरबार में डीएम ने 29 फरियादियों की शिकायतें सुनते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम लोगों की समस्याओं का निस्तारण विभागीय स्तर पर किया जाये। समस्याओं के निदान के लिए फरियादियों को उच्चाधिकारियों के चक्कर न लगाने पड़ें।
सोमवार को जिला सभागार में लगे जनता दरबार में डीएम मयूर दीक्षित ने आम लोगों की शिकायतों को सुना। क्षेत्र पंचायत सदस्य क्वींडांग भिलंगना के राजेन्द्र सिंह रावत ने शिकायत करते हुए बताया कि घनसाली तिलवाड़ा मोटरमार्ग के मुयालगांव-मजियाडी के मध्य चामी गदेरे में पुलिया निर्माण किया जाये। इस पर डीएम ने ईई पीएमजीएसवाई-प्रथम को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये।
ग्राम दिखोल गांव चम्बा के अरविन्द सिंह रावत ने कहा कि उनकी माता रिखला देवी के मकान को राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण को अधिग्रहित किया गया है। इसका आज तक प्रतिकर नहीं मिला। उन्होंने प्रतिकर न मिलने की जांच एडीएम को करने के निर्देश दिए।रानीचौरी की प्रियंका ने बताया कि रानीचौरी वानिकी कॉलेज के समीप उनके द्वारा 2022 में भूमि लीज पर ली गई, किन्तु कुछ दिनों पहले उन्हें अवगत कराया गया कि उक्त भूमि सिविल लाइन की है। इस शिकायत पर डीएम न एसडीएम टिहरी को रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने को कहा।
ग्राम खाण्ड बिडकोट तहसील कण्डीसौड़ के किशोरी लाल ने टिहरी बांध निर्माण में अधिग्रहित भूमि के शेष भुगतान एवं आवासीय भवन के प्रतिकर की मांग की।
ग्राम-तुलयाड़ा तहसील चिन्यालीसौड़ की रजमा देवी व राकेश कुमार ने कृषि भूखण्ड आवंटित करने की मांग की। डीएम ने अधिशासी अभियन्ता पुनर्वास को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# घनघोर काली घटाओं के चलते अंधेरे के आगोश में रही तीर्थ नगरी



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
आज सुबह से पर्वतीय क्षेत्रों में छा रही घनघोर काली घटाओं, बादलों की जबरदस्त गड़गड़ाहट और बारिश ने तीर्थनगरी ऋषिकेश के मौसम का भी मिजाज बदल दिया। इससे लोग को गर्म कपड़े पहनने के लिए मजबूर हो गए। उत्तराखंड के मुख्य द्वार ऋषिकेश में मौसम का मिजाज अचानक गड़बड़ाने से हर कोई हैरान दिख रहा है। सुबह करीब नौ बजे के करीब धूल भरे अंधड़ के बीच अंधेरा छा गया। इस बीच बादलों की गड़गड़ाहट से जहां लोग सहमे नजर आये तो वहीं कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई। पारे के गोता खाने के चलते ठंड का असर इस कदर तेजी से बढ़ा कि लोगों को आनन फानन में अपनी अलमारियों से गर्म कपड़े निकालने पड़े।
शहर के गड़बड़ाते मिजाज की वजह से सबसे अधिक मुश्किलें स्कूली बच्चों और राफ्टिंग के लिए पहुंचे पर्यटकों को झेलनी पड़ी। अक्टूबर माह के मध्य तक अब तक शहर में ठंड का कोई प्रभाव देखने को नही मिल रहा था तो लोग अभी भी गर्मियों के कपड़े पहनकर ही घूम रहे थे, लेकिन आज हुए मौसम के बदलाव के बाद लोगों को सही मायने में शरद ऋतु के आगमन की आहट का अहसास होने लगा है।
मौसम में हुए बदलाव का असर बाजारों पर भी दिखाई दिया।

## महापौर ने विशेष स्वच्छता अभियान का किया निरीक्षण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम के आज कालाढूंगी रोड पर चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान का महापौर डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला ने निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया।
नगर निगम हल्द्वानी नगर निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।
नगर निगम हल्द्वानी के निवासियों से अपील है कि नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने के कार्य में अपना अमूल्य योगदान दें।

# राइका गोपेश्वर को सीबीएसई से संबद्ध किये जाने का किया स्वागत



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
अटल उत्कृष्ट आदर्श राजकीय इंटर कालेज गोपेश्वर में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी दशोली की अध्यक्षता में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक संपन्न हुई। जिसमें विद्यालय को सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध किये जाने का अभिभावकों ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में शैक्षणिक व्यवस्था केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर संचालित की जानी चाहिए।
इंटर कालेज गोपेश्वर में आहुत बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य केवी सिंह ने कहा कि विद्यालय साधन संपन्न है और सीबीएसई के मानकों को पूरा करता है। विद्यालय में सभी विषयों के वादानुसार अध्यापक उपलब्ध हैं और भौतिक रूप से भी विद्यालय साधन संपन्न है। खंड शिक्षा अधिकारी पंकज उप्रेती ने अभिभावाकों के सम्मुख उत्तराखंड बोर्ड और सीबीएसई बोर्ड का तुलनात्मक अध्ययन भी रखा और कहा कि सरकार का यह कदम शिक्षा में गुणात्मक सुधार और विकास के लिए है। इस मौके पर अभिभावक उप्रेंद्र भंडारी, उषा रावत, संगीता जोशी, ममता हटवाल, पुष्पा राणा ने कहा कि विद्यालय की संबद्धता सीबीएसई से रहनी चाहिए लेकिन शैक्षणिक व्यवस्था केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर होनी चाहिए साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य को अध्यापकों और कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए अधिकार संपन्न किया जाना चाहिए। बैठक में अभिभावकों ने पठन पाठन हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों से करवाने को भी कहा गया।

## न्यूज फ्लैश

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर द्वारा समर्थित ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव - द ईस्टर्न आर्क के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारतीय नौसेना के साथ हाथ मिलाया

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने भारतीय नौसेना के पूर्वी कमान द्वारा आयोजित ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव द ईस्टर्न आर्क में अपनी भागीदारी की घोषणा की। फ्लीट ड्राइव की शुरूआत हो गई है जो अगले 12 दिनों में, 17 शहरों को कवर करते हुए और भारत के पूर्वी तट पर दो रेडियल मार्गों और समूहों के साथ लगभग 6000 किलोमीटर की कुल दूरी तय करेगी। इस महत्वपूर्ण ड्राइव को झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए विशाखापत्तनम में नौसेना के डॉकयार्ड में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस मौके पर वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर, प्रमुख फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग, पूर्वी नौसेना कमान के साथ टीकेएम के प्रतिनिधि, अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट सेल्स एंड स्ट्रैटेजिक मार्केटिंग की गरिमामयी उपस्थिति थी। भारतीय नौसेना के अच्छे उद्देश्य का समर्थन करने के लिये टीकेएम ने चार हाईलक्स और तीन फॉर्च्यूनर मॉडल सहित सात वाहनों के बेड़े के साथ आवश्यक सहायता प्रदान की है। इसका उपयोग विभिन्न दूरदराज के स्थानों में चुनौतीपूर्ण इलाकों और ऊबड़-खाबड़ ऑफ-रोड मार्गों को पार करने के लिए किया जाएगा। यह ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव टोयोटा वाहनों के साथ भारत के पूर्वी क्षेत्र के विविध और जीवंत परिदृश्यों के माध्यम से अपनी उल्लेखनीय यात्रा पर निकली है, जो अपने बेजोड़ प्रदर्शन, बहुमुखी प्रतिभा और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के लिए जानी जाती है। ईस्टर्न नेवल फ्लीट ड्राइव, जिसका नाम द ईस्टर्न आर्क ठीक ही दिया गया है, खास महत्व रखती है क्योंकि यह भारतीय नौसेना के आउटरीच कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ तालमेल में है, जिसका उद्देश्य नागरिक आबादी से जुड़ना है। यह भारतीय नौसेना की विभिन्न भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक अनूठा अवसर भी है। टीकेएम ने सात वाहनों का एक बेड़ा उपलब्ध कराया है, जिसमें चार हाईलक्स और तीन फॉर्च्यूनर शामिल हैं, जो चुनौतीपूर्ण इलाकों और दूरियों की मुश्किलों का मुकाबला करने के लिए विशेष रूप से तैयार और सुसज्जित हैं। पूर्वी नौसेना बेड़ा अभियान दो समूहों में आयोजित किया जाएगा - उत्तरी समूह और दक्षिणी समूह, प्रत्येक में क्रमशः तीन और चार कारें शामिल होंगी। दोनों समूह विशाखापत्तनम से अपनी यात्रा शुरू करेंगे और अलग-अलग मार्गों का अनुसरण करेंगे, उत्तरी समूह विशाखापत्तनम से किबिथू तक और दक्षिणी समूह विशाखापत्तनम से कन्याकुमारी तक का रास्ता तय करेगा, रास्ते में यादगार पड़ाव बनाएगा।

# मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ ने दिया सीईओ कार्यालय पर धरना

**चेतावनी**

8 यदि शीघ्र ही उनकी मांग पर गौर नहीं किया जाता है तो आंदोलन की नई रणनीति तय की जायेगी



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
राजकीय शिक्षक संघ चमोली ने अपने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सोमवार को अपनी 35 सूत्री मांगों को लेकर मुख्य शिक्षा अधिकारी गोपेश्वर के कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया।
राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रदीप भंडारी ने कहा कि एक लंबे समय से उनका संघ अपनी 35 सूत्री मांगों को लेकर सरकार से गुहार लगा रहा है, लेकिन उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं किया जा रहा है। जिस कारण प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर सोमवार को उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर धरना दिया है।
उनका कहना था कि उनकी प्रमुख मांगों में पुरानी पेंशन बहाली किये जाने, सहायक अध्यापकों को प्रवक्ता पद पर पदोन्नत किये जाने, शिक्षक संवर्ग की नियमावली बनाकर गठन किये जाने, पूर्व में देय यात्रा भत्ता और अवकाश को बहाल किये जाने, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ शिक्षकों के वेतन विसंगतियों को दूर करने, अधिक छात्र संख्या वाले इंटर कालेजों में उप प्रधानाचार्य का पद सृजित करने, अटल उत्कृष्ट विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड से हटा कर उत्तराखंड बोर्ड में शामिल किये जाने के साथ ही अन्य मांगे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्रांतीय कार्यकारिणी की ओर से पूर्व में ही विभाग को अपने आंदोलन की सूचना पत्राचार कर दी गई थी लेकिन विभाग और शासन की ओर से उनकी मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। जिससे शिक्षकों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही उनकी मांग पर गौर नहीं किया जाता है तो आंदोलन की नई रणनीति तय की जायेगी।

## 600 नशीले इंजेक्शन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
समाज में नशे का जहर घोलकर लोगों की जिंदगी को बर्बाद करने वाले तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से भारी मात्रा में नशे के इंजेक्शन व तस्करी में प्रयुक्त ई रिक्शा को सीज कर दिया है।कोतवाली रुड़की पुलिस ने बादशाह होटल के पास से ई रिक्शा से नशे के इंजेक्शन तस्करी करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया।आरोपित 29 वर्षीय मोनू चोपड़ा पुत्र स्व. नकली राम चोपड़ा निवासी टोडा कल्याणपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार इंजेक्शन अयान निवासी नगला इमरती से थोक के भाव लेकर रुड़की शहर क्षेत्र के आसपास के नशे के आदि लोगों ऊंचे दामों में बेचता था।

# ऑनलाइन ठगी के पीड़ितों को साइबर सेल ने दिलायी रकम

**साइबर ठगी**

8 पीड़ितों ने साइबर सेल की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उसका पैसा वापस मिलेगा



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
साइबर ठगी का शिकार हुए पीड़ितों के खातों में एक लाख से अधिक की धनराशि वापस करवाकर हरिद्वार पुलिस उनके चेहरे पर ने मुस्कान लौटाई है। साइबर क्राइम सेल के पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन निहारिका सेमवाल और प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम सेल पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में ठगों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू हुई। मामले में साइबर सेल ने सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क कर 50 हजार रुपये को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में वापस करवाये। बीती 30 अगस्त को नवदीप कौर पुत्री श्रीमती रमनदीप कौर निवासी हरिद्वार ने चेन्नई से श्रीलंका टूर पर क्रूज से जाने के लिए ऑनलाइन टिकट बुकिंग करवाने के नाम पर 50 हजार की ऑनलाइन ठगी के संबंध में हरिद्वार में शिकायत दर्ज करायी थी।
ऐसे ही एक अन्य मामले में साइबर सेल ने सम्बन्धित गेटवे से सम्पर्क कर 50598 रुपये को शिकायतकर्ता के बैंक खाते में वापस करवाये।
बीती 11 अक्टूबर को अजय कुमार निवासी रावली महदूद थाना सिडकुल, हरिद्वार ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति ने कस्टमर केयर अधिकारी बनकर धोखाधड़ी कर ओटीपी प्राप्त कर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 50598 रुपये निकाले लिए जाने के मामले में शिकायत दर्ज करायी थी।
धोखाधड़ी की रकम वापस मिलने पर पीड़ितों ने साइबर सेल की सराहना करते हुए बताया कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उसका पैसा वापस मिलेगा, लेकिन साइबर सेल टीम ने त्वरित कार्रवाई कर उन्हें न्याय दिलाया।

# ये अनुसंधान और विकास सुविधाएं आत्मनिर्भर अभियान को करते हैं प्रदर्शित: भट्ट



**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भट्ट ने कहा कि ये अनुसंधान, विकास सुविधाएं और उत्पाद, भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान को प्रदर्शित करते हैं। ये सैनिकों की युद्ध क्षमता में भी सुधार करेंगे। उन्होंने यह बात रक्षा जैव ऊर्जा अनुसंधान (डीआरडीओ) गोरापड़ाव (डिबेर) में सोमवार को हीरक जयन्ती के अवसर पर किसान-जवान विज्ञान मेला का शुभारम्भ करने के दौरान कही। राज्य मंत्री भट्ट ने कहा कि आर्गेनिक उत्पादों को बढ़ावा देना संस्थान का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आज लोग रासायनिक उत्पादों को पसंद नही कर रहे हैं। डिबेर संस्थान केमिकल रहित उर्वरकों का प्रयोग करके उत्पादन किये जा रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा नही होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सीमान्त पर्वतीय क्षेत्रों में डिबेर की योजनाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं।
उन्होंने मेले में लगे स्टालों का भी निरीक्षण किया।
इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री ने 6 नई अनुसंधान सुविधाओं का भी उद्घाटन किया, जिनमें बायोमास और प्लाज्मा आधारित गैसीकरण प्रणाली, सभी मौसम के लिए बायोमेथेनेशन संयंत्र, प्लाज्मा गैसीकरण प्रणाली, स्वचालित फर्टिगेशन प्रणाली और उच्च ऊंचाई वाले सीवेज उपचार परीक्षण तल शामिल हैं। उन्होंने प्रगतिशील किसानों और शोधकताओं और कारगिल नायकों और युद्ध विधवाओं और सेना इकाइयों और अर्धसैनिक बलों को 20 पुरस्कार, उद्योग और एमएसएमई को 20 पुरस्कार और शिक्षा क्षेत्र में शोधकताओं को 5 पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने टाइप द्वितीय आवासीय भवन का भी भूमि पूजन किया।
केंद्रीय मंत्री भट्ट ने प्रदर्शनी में जैविक खेती, प्रौद्योगिकी गहन खेती, सौर ऊर्जा, हाइब्रिड ऊर्जा प्रणाली के प्रदर्शनी स्टॉल प्रमुख रूप से प्रदर्शित किए गए हैं। मेले के दौरान डीआईबीईआर ने बेहतर पैदावार वाले गुणवत्ता वाले बीज, पौधे और फलदार पौधे भी वितरित किए। मेले में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

# युवाओं में बढ़ा खेल का क्रेज, एसएफए के तीसरे संस्करण में प्रतिभाग कर रहे 12 हजार छात्र



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
इस साल एसएफए चैंपियनशिप में 300 स्कूल के 12 हजार एथलीट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। यह सभी 30 से अधिक वर्गों में आयोजित हो रहे 21 खेलों में अपना हुनर दिखा रहे हैं।
उत्तराखंड के युवाओं में खेल का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। स्कूलों में युवा पारंपरिक खेलों के अलावा अन्य खेलों में भी हाथ आजमा रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश भर में युवा खिलाड़ियों की संख्या एक साल में ही दोगुना हो गई है। इस बात का अंदाजा दून में चल रहे स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) चैंपियनशिप से लगाया जा सकता है। एसएफए में इस साल 12 हजार छात्र चैंपियनशिप में प्रतिभाग कर रहे हैं।
बीते साल मई में आयोजित हुए एसएफए चैंपियनशिप में प्रदेशभर से सिर्फ पांच हजार छात्रों ने प्रतिभाग किया था। इसके बाद नवंबर में आयोजित हुए चैंपियनशिप के दूसरे संस्करण में खिलाड़ियों की संख्या बढ़कर आठ हजार हुई। जबकि इस साल चैंपियनशिप में 300 स्कूल के 12 हजार एथलीट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। यह सभी 30 से अधिक वर्गों में आयोजित हो रहे 21 खेलों में अपना हुनर दिखा रहे हैं।
एथलीट्स परेड ग्राउंड पैविलियन ग्राउंड और महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित हो रही प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर रहे हैं। एसएफए के आंकड़ों के अनुसार 30 फीसदी पंजीकरण के साथ महिलाओं ने एथलेटिक्स, बैडमिंटन, खो-खो, बास्केटबाल और कराटे को अपने पसंदीदा खेल के रूप में चुना है। जबकि पुरुष एथलीट्स अपने पसंदीदा खेल के रूप में फुटबॉल, एथलेटिक्स, बैटमिंटन, कबड्डी और खो-खो को चुनते हैं। इन खेलों में खिलाड़ी दिखा रहे प्रतिभा चैंपियनशिप के तहत एथलीट्स शूटिंग, स्पीडक्यूबिंग, कैरम, योगासन, वॉलीबाल, तायक्वोंडो, टेबल टेनिस, कराटे, कबड्डी, तैराकी, स्केटिंग, एथलेटिक्स, खो-खो, जूडो, हैंडबाल, फुटबाल, फेंसिंग, शतरंज, बॉक्सिंग, बास्केटबाल और बैडमिंटन में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।
दून शिक्षा के हब के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। लेकिन पूरे उत्तराखंड में खेल के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां के युवाओं को हुनर का प्रदर्शन करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के मकसद से एसएफए चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। तीसरे संस्करण में प्रतिभागियों की संख्या में दोगुना इजाफा हुआ है। हमारा उद्देश्य चैंपियनशिप के जरिए उन खिलाड़ियों को तैयार करना है, जो भविष्य में अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदेश व देश का प्रतिनिधित्व करें।

## संपादकीय

# निठारी के अभियुक्तों की दोषमुक्ति...जांच पर सवाल!

**बात** की शुरूआत बहुचर्चित और दिल दहला देने वाले निठारी कांड पर आए इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले से करते हैं। इस मामले में हाई कोर्ट ने कई लड़कियों के साथ दुराचार और उनकी हत्या के दो आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया है। प्रकरण में निचली अदालत ने दोनों को फांसी की सजा सुनाई थी। मुमकिन है कि यह मसला अब हाई कोर्ट के बाद देश के सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर पहुंचे। इस बीच एक सवाल बना रहेगा कि गौतम बुद्धनगर, यानी नोएडा के इस पाशविक मामले में दोषी कौन है? जिनको पुलिस और सीबीआई ने अभियुक्त बताते हुए अपनी रिपोर्ट कोर्ट में सौंपी थी। उनकी रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों आरोपितों को दोषी पाया था, यदि वे नहीं तो कौन हैं दोषी? जिनको जनमानस दोषी मानता आया है, जरूरी नहीं कि वही अंतिम सच हो। फिर भी दोषियों की तलाश तो जरूरी है। सबसे बड़ा सवाल यह कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसियां जिनके खिलाफ प्रमाण लेकर कोर्ट पहुंचती हैं, वे प्रमाण टायं-टायं फिस्स क्यों हो जाते हैं। निठारी मामले में भी तो यही हुआ है। इस कांड पर संक्षेप में एक नजर डाल लें। हुआ यूं था कि 29 दिसंबर, 2006 को नोएडा के निठारी इलाके में मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी के पीछे नाले से 19 कंकाल बरामद किए गए थे। इस मामले में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को नोएडा की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। कोली उक्त कोठी का केयर टेकर बताया गया। निठारी गांव से कई लड़कियां गायब हुई थीं। कोठी के पीछे नरकंकाल मिले। इस आधार पर कोली और पंढेर को गिरफ्तार कर लिया गया था। जन-दबाव के बीच जांच का दायित्व पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंपा गया था। जिन अभियुक्तों को निचली कोर्ट ने दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई, वही अब हाई कोर्ट से पूरी तरह दोषमुक्त हो गए हैं। यहां निचली कोर्ट और उससे बड़ी कोर्ट में सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की टिप्पणी भी बहुत मायने रखती है। पिछले दिनों एक सुनवाई के बाद फैसला सुनाते समय देश की शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की थी, "स्वतंत्र और निष्पक्ष सुनवाई भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 की अनिवार्य शर्त है। यदि आपराधिक सुनवाई स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं है, तो न्यायाधीश की न्यायिक निष्पक्षता और न्याय वितरण प्रणाली में जनता का विश्वास कम हो जाएगा।" अभी पांच सितंबर को अपना फैसला सुनाए जाते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को याद करना होगा। मामला 2015 में एक लड़की के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के आरोपी को मौत की सजा देने का था। इस पर 2017 में, भागलपुर की ट्रायल ने उस व्यक्ति को फांसी की सजा सुनाई। फिर उस पर 2018 में पटना हाई कोर्ट की भी मुहर लग गई। निचली कोर्ट ने उस व्यक्ति के अपराध को दुर्लभतम श्रेणी का बताया था। अंत में मामला सुप्रीम कोर्ट आया, जिसकी टिप्पणी का जिक्र किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में खास तौर से कहा कि एक न्यायाधीश को निष्पक्ष और निष्पक्ष होना चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी आंखें बंद कर लेगा और एक रोबोट की तरह मूकदर्शक बना रहेगा। न्यायालय में जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्र की बेंच ने पूरे प्रकरण की जांच में गंभीर खामियां देखीं और मौत की सजा को रद्द करते हुए पुनर्विचार के लिए हाई कोर्ट वापस भेज दिया।

# कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट



किशन भावनानीं

"फेक डिग्री वाले और एक पार्टी के कई नेताओं के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के मामले लंबित हैं। अगर स्पीकर उन सबसे निपट लेते हैं तो मैं अपने खिलाफ किसी भी प्रस्ताव का स्वागत करूंगी। प्रवर्तन निदेशालय के मेरे दरवाजे पर आने और अन्य लोगों द्वारा एक उद्योगपति कोयला घोटाले में एफआईआर दर्ज करने का भी इंतजार कर रही हूं। साथियों बात अगर हम इसमें पूर्व भी ऐसे मुद्दे होने की करें तो, वर्ष 1951 के बाद से लोकसभा और राज्यसभा से 16 सांसदों की सदस्यता जा चुकी है। उन्हें अयोग्य ठहराया जा चुका है। पहला मामला 25 सितंबर 1951 का है। संयोग ये सबसे पुरानी बड़ी पार्टी के ही थे। उनका नाम एचजी मुदगल था। उन्हें संसद में सवाल पूछने के एवज में पैसा लेने के कारण लोकसभा से हटाया गया। उन्हें अयोग्य करार करके सदस्यता ले ली गई"

**वैश्विक** स्तरपर भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्यकियतंत्र वाला देश है जो हर भारतीय को गौरवविंत करने वाले दुर्लभ पलों में से एक है। परंतु वर्तमान स्थिति और 1951, 2005 के कुछ संसदीय घटनाओं को अगर हम देखते हैं तो, असमंजस में पड़ जाते हैं कि गर्व करें या दुर्भाग्यपूर्ण मानें? या नेंट कि ज़िंन सांसदों को हम वोट देकर उन्हें चुनकर पवित्र संसद की दहलीज तक इसउद्देश्य से पहुंचाते हैं कि हमारे लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राष्ट्र के विकास में हमारे प्रतिनिधि महत्वपूर्ण योगदान देंगे। संसद के प्रश्नकाल और शून्यकाल ध्यानाकर्षण काल में भी हमारे संसदीय क्षेत्र की कठिनाइयों के मुद्दे उठाकर हमारी समस्याओं को राष्ट्रीय स्तरपर संज्ञान में लेंगे और उच्च स्तरपर मिलकर उनका निदान करने में कोई कौर कसर नहीं छोड़ेंगे, परंतु जिस प्रकार से आज दिनांक 15 अक्टूबर 2023 नवरात्रि घट स्थापना के प्रथम दिन देर शाम बिहार के एक सांसद द्वारा बंगाल की एक सांसद पर पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने का मामला उठाया और लोकसभा अध्यक्ष को री इमरजेंस आफ नैस्टी कैश फॉर क्वेरी इन पार्लिया के टाइटल से चिट्ठी लिखी उसे सारा देश फिर एक बार स्तब्ध रह गया है, क्योंकि 25 दिसंबर 1951 में जब देश आम चुनाव भी नहीं हुए थे एक प्रोविजनल सांसद बनाई गई थी उस समय भी एक सदस्य को धन लेकर एक बिजनेसमैन के लिए संसद में प्रश्न पूछने के आरोप में उसकी संसद सदस्यता समाप्त कर दी गई थी फिर 2005 में भी 10 लोकसभा और एक राज्यसभा सांसद की सदस्यता इसी मुद्दे पर समाप्त कर दी गई थी। अभी फिर एक बार यह मुद्दा आया है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।बड़े बुजुर्गों की कहावत है के धुआं वहीं से उठता है जहां आग लगती है, वाली कहावत यहां जरूर चरितार्थ होते देख रही है। उधर बंगाल की उस संसद सदस्य और प्रख्यात उद्योगपति द्वारा खंडन कर दिया है। चूंकि पैसे लेकर पवित्र संसद में सवाल पूछने का मुद्दा फिर आज उठा है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,1951 भारत में पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ था तब बिजनेसमैन से धन लेकर सवाल पूछनेपर उनसे सदस्यता वापस ली थी,वह अभी तक शुरू रहना दुर्भाग्यपूर्ण है, कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट।

साथियों बात अगर हम लोकसभा राज्यसभा विधानसभा में प्रश्न काल और शून्य काल



क्या होता है, इसको समझने की करें तो, सदन की कार्यवाही के दौरान किसी भी सत्र में कुछ टर्म होते हैं जैसे प्रश्न कल शून्य काल ध्यानाकर्षण काल इत्यादि। सदन सुबह 11 बजे खुलता है और शाम 6 बजे बंद होता है, इस अवधि में जो काम होते हैं उन्हें सदन की कार्यवाही कहते हैं। इस कार्यवाही को दो खेमों में बांटा जाता है। पहली और दूसरी पाली जो भोजन अवकाश से पहले और बाद में होती है। पहली पारी 11 से 1 और दूसरी पाली 2 से 6 तक होती है। पहली पारी में दो काल होते हैं प्रश्न काल और शून्य काल इसमें 11 से 12 तक प्रश्नकाल होता है, जिसमें सदस्य प्रशासन और सरकार के कार्यवाही से संबंधित सवाल कर सकते हैं और सत्ता पक्ष इसका जवाब देने के लिए उत्तरदाई है। शून्य काल 12 से 1 बजे तक होता है इसकी सूचना पहले से देने की जरूरत नहीं होती तत्काल सार्वजनिक मुद्दों पर प्रश्न उठाए जा सकते हैं परंतु इसे सुबह 10 बजे इसका नोटिस, पास करते हैं तो प्रश्न उठाया जा सकता है वरना नहीं।

साथियों बात कर हम एक संसद सदस्य द्वारा दिनांक 15 अक्टूबर 2023 को स्पीकर को एक सांसद लिखने की करें तो, स्पीकर से मांग की कि जांच के लिए कमेटी बनाई जाए और उन्हें सदन से निलंबित किया जाए। स्पीकर को 'री-इमरजेंस ऑफ नेस्टी कैश फॉर क्वेरी इन पार्लियामेंट' टाइटल से चिट्ठी लिखी है। इसमें विशेषाधिकारों के गंभीर उल्लंघन, सदन के अपमान और आईपीसी की धारा 120 ए के तहत आपराधिक केस की बात कही है। अपने लैटर के साथ एक एडवोकेट की चिट्ठी भी लगाई है। इसमें लिखा है- ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने मेहनत से रिसर्च की है, जिसके आधार पर उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि हाल तक उन्होंने संसद में कुल 61 में से करीब 50 प्रश्न पूछे। इनमें बिजनेस और उनकी कंपनी के व्यावसायिक हितों की रक्षा करने या उन्हें कायम रखने के इरादे से जानकारी मांगी गई थी। पहले भी ऐसा मामला सामने आया था। अपने लैटर में उन्होंने ये भी बताया कि 14वीं लोकसभा के दौरान 12 दिसंबर 2005 को भी ऐसा ही मामला सामने आया था। तब स्पीकर ने उसी दिन जांच कमेटी का गठन कर दिया था। साथ ही 23 दिसंबर 2005 को 10 सांसदों को 23 दिन के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसी सदन ने 'कैश फॉर क्वेश्चन' मामले में 11 सांसदों की सदस्यता रद्द कर दी थी। आज भी यह चोरी नहीं चलेगी। एक बिजनेसमैन हमारे लिए खराब है, लेकिन दूसरे से 35 जोड़ी जूते लेने में उन्हें कोई गुरेज नहीं है। मिसेस (इमेल्डा) मार्कोस की तरह हर्मीस, गुच्ची बैग, पर्स, कपड़े और हवाला का पैसा काम नहीं करेगा। सदस्यता चली जाएगी, कृपया प्रतीक्षा करें। साथियों बात अगर हम इस मुद्दे पर आरोपित संसद और बिजनेस मैन द्वारा द्वारा अपनी सफाई पक्ष रखने की करें तो,उन्होंने एक्स पर लिखा- फेक डिग्री वाले और एक पार्टी के कई नेताओं के खिलाफ विशेषाधिकार हनन के मामले लंबित हैं। अगर स्पीकर उन सबसे निपट लेते हैं तो मैं अपने खिलाफ किसी भी प्रस्ताव का स्वागत करूंगी। प्रवर्तन निदेशालय के मेरे दरवाजे पर आने और अन्य लोगों द्वारा एक उद्योगपति कोयला घोटाले में एफआईआर दर्ज करने का भी इंतजार कर रही हूं।

साथियों बात अगर हम इसमें पूर्व भी ऐसे मुद्दे होने की करें तो, वर्ष 1951 के बाद से लोकसभा और राज्यसभा से 16 सांसदों की सदस्यता जा चुकी है। उन्हें अयोग्य ठहराया जा चुका है। पहला मामला 25 सितंबर 1951 का है। संयोग ये सबसे पुरानी बड़ी पार्टी के ही थे। उनका नाम एचजी मुदगल था। उन्हें संसद में सवाल पूछने के एवज में पैसा लेने के कारण लोकसभा से हटाया गया। उन्हें अयोग्य करार करके सदस्यता ले ली गई। तब तक देश में पहला आमचुनाव नहीं हुआ था. देश में प्रोविजनल सरकार थी।उन्हें सवाल पूछने के लिए किसी बिजनेसमैन से धन मिला था। दिसंबर 2005 में 10 लोकसभा और 1 राज्यसभा सांसद की सदस्यता की सदस्यता रद्द कर दी गई थी, इन सांसदों पर आरोप था कि इन्होंने संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लिए थे। बर्खास्त सांसदों में सताधरक पार्टी के छह, बीएसपी के तीन और कांग्रेस और आरजेडी का एक-एक सांसद शामिल था।सबसे पहले राज्यसभा ने चर्चा के बाद छत्रपाल सिंह को बर्खास्त करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया। दूसरी ओर सांसदों को निष्कासन के प्रस्ताव पर लोक सभा में लंबी बहस चली थी।बाद में इस पर हुए मतदान का सत्ताधारी पार्टी ने वॉकआउट किया और उनकी अनुपस्थिति में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो गया।लोक सभा में यह प्रस्ताव सदन के नेता प्रणव मुखर्जी ने पेश किया। वर्तमान सत्ता धारी पार्टी ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई और कहा कि इसके लिए उचित प्रक्रिया नहीं अपनाई गई है। सदन के नेता प्रणव मुखर्जी ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा था कि हम सभी मानते हैं कि घूस लेने के मामले में कुछ किया जाए।उनका कहना था कि भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और पूरा देश इस मामले पर नजरें गडाए हुए है।उन्होंने कहा कि हर निर्णय अदालत में नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हमें अन्य बातों से ऊपर उठकर सदन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए फैसला लेना चाहिए। निष्कासन की जाँच कर रही पवन बंसल समिति ने मामले से जुड़े बताए जाने वाले 10 लोकसभा सदस्यों को सदन से निष्कासित करने की सिफारिश की थी, बता दें कि कई सांसदों पर पैसे लेकर सवाल पूछने का आरोप लगा था।उल्लेखनीय है कि एक टेलीविजन चैनल ने एक वीडियो टेप का प्रसारण किया था जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को संसद में प्रश्न पूछने के लिए घूस लेते दिखाया गया था।

## कविता

### जिंदगी के हर पल

जिंदगी के हर पल चमकदार नहीं होते,
जिंदगी में हर पल चमत्कार नहीं होते।

ईमान और पसीने से बनती है जिंदगी,
बेईमान कभी भी इज्जतदार नहीं होते।

अच्छी नियत साफ इरादे रखिए जनाब,
आस्तीन के सांप कभी वफादार नहीं होते ।

गर नमक खाया वतन का तो अदा कर पूरा
नमक हराम कभी अच्छे पहरेदार नहीं होते

जख्म पर अपने मरहम की उम्मीद मत कर हर
किसी से से
उठे हुए हर हाथ मददगार नहीं होते '

जमाने की चकाचौंध से फिसल मत जाना
संजीव,
सफेद लिबास में हर कोई ईमानदार नहीं होते'

संजीव ठाकुर

# वसुंधरा के लिए कर्नाटक फार्मूला अपनाएगी भाजपा ?

**राजस्थान** में नाराज चल रही वसुंधरा राजे को साधने से लिए बीजेपी तरीका खोज रही है। चर्चा है कि भाजपा कर्नाटक फॉमूर्ला अपना सकती है। बीएस येडियूरप्पा को साधा गया था। वैसा की प्रयोग राजस्थान में हो सकता है। पार्टी का मानना है कि राज्य में पार्टी की एकजुटता को लेकर कार्यकताओं में संशय और लोगों के बीच सवाल नहीं उठे। फिलहाल, पार्टी वसुंधरा को लेकर जिस कर्नाटक फॉमूर्ले पर मंथन कर रही है। यदि वह सफल होता है तो राज्य में नेतृत्व के यक्ष प्रश्न का समाधान निकल जाएगा। चर्चा है कि वसुंधरा राजे को कैंपेन कमेटी का मुखिया बना कर पार्टी सामूहिक नेतृत्व में लड़े। वसुंधरा राजे का पार्टी पूरा सम्मान रखेगी। कुछ ऐसा ही प्रयोग भाजपा ने येडियूरप्पा को साधने के लिए किया था। सियासी जानकारों का कहना है कि भाजपा आलाकमान जिस तरह से वसुंधरा राजे की अनदेखी करता रहा है। उससे पार्टी को नुकसान हो सकता है। भाजपा ने 41 लोगों की पहली सूची जारी कर दी । पहली सूची में वसुंधरा राजे समर्थकों के टिकट काट दिए दिए । ऐसे में वसुंधरा राजे पर उनके समर्थकों का दबाव भी है। हाल ही में बड़ी संख्या में वसुंधरा राजे समर्थक जयपुर स्थित आवास पर भी आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि वसुंधरा राजे से बड़ा राजस्थान भाजपा में कोई नेता नहीं है। ऐसे में अगर वसुंधरा राजे की भाजपा अनदेखी करती है तो सियासी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार वसुंधरा राजे को साधने के तरीके खोज रहे है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राजस्थान के नेताओं से संपर्क में और लगातार फीडबैक ले रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कार्यकताओं ने साफ कह दिया है कि वसुंधरा राजे की अनदेखी चुनाव में भारी पड़ सकती है। कांग्रेस को कमत्तर नहीं आंकना चाहिए। अति आत्मविश्वास से पार्टी को नुकसान हो सकता है। जेपी नड्डा जल्द जोधपुर के दौरे पर आ रहे हैं। हालांकि, वह मीटिंग में भाग लेने के बाद शाम को ही दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। लेकिन माना जा रहा है कि जेपी नड्डा चुनाव से पहले वसुंधरा राजे की नाराजगी दूर करना चाहते हैं। राजे के मनाने के लिए पार्टी तरीका खोज रही है। सियासी जानकारों का मानना है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिस प्रकार से पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की अनदेखी की जा रही है, उससे राजस्थान चुनाव में भाजपा को नुकसान हो सकता है। भारतीय जनता पार्टी की घोषित 41 उम्मीदवारों की पहली सूची में वसुंधरा राजे समर्थकों के टिकट काट दिए दिए है। इसी कारण से पूर्व मुख्यमंत्री पर अब उनके समर्थकों का दबाव भी है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में वसुंधरा राजे की नई दिल्ली में संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राज्य के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह और अन्य नेताओं से बैठक हुई। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कर्नाटक मॉडल पर विस्तार से चर्चा हुई। वसुंधरा आश्वस्त नजर आईं। राजे के समर्थक भी कर्नाटक से खुश है।

## विचार

# पर्यावरण के प्रति उदासीनता और लापरवाही

**जब** हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक, राकेश भारद्वाज द्वारा मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से मुद्रित एवं 7/1 बल्लूपुर रोड, डॉ. टी पटनायक के सामने, कृष्णा नगर चौक के पास देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र देहरादून ही होगा।

**सम्पादक: रवि भारद्वाज (+919999889104)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# क्या नई विश्व व्यवस्था के लिए अपरिहार्य है विश्वयुद्ध ?

**अनुज अग्रवाल**

**और** इसराइल पर हमास द्वारा आतंकी हमला करा, रुस व चीन ने अमेरिका व नाटो पर निर्णायक चोट कर ही दी। हालांकि मंच पर ईरान , तुर्की व कतर खेल खेल रहे हैं किंतु पर्दे के पीछे डोरियां रुस - चीन के हाथो में ही हैं।यह सीधा सीधा अमेरिका पर हमला है और अमेरिका इसी रूप में इसको ले भी रहा है क्योंकि इजराइल का जन्म व अस्तित्व अमेरिका पर ही टिका हुआ है।नृशंस, खूँखार व घातक इस युद्ध के लंबा और बहुत लंबा चलने के आसार हैं क्योंकि लगभग सभी इस्लामिक कट्टरपंथी गुट व राष्ट्र इससे जुड़ते जा रहे हैं। तेल - गैस की आर्थिक व्यवस्था पर कब्जे के इस खेल में सदियो से चल रहा इस्लाम बनाम ईसाई - यहूदी संघर्ष भी उभर कर सामने आ गया है, बल्कि इसी को हथियार बनाया है रुस व चीन ने। प्रथम व दूसरे विश्व युद्ध के साथ बनी विश्व व्यवस्था जिसके माध्यम से अमेरिका नाटो की मदद से दुनिया को हाँक रहा है , को बदलने का निर्णायक युद्ध। यूएसएसआर के विघटन एवं चीन में थ्येनमान नरसंहार के बाद इन दोनों देशों में आयी बाजार अर्थव्यवस्था के बाद पिछले दो दशकों में रूस व चीन दोनों फिर से आर्थिक ताकत बनते गए और क्षेत्रीय सैन्य महाशक्ति भी। चीन सन् 2008 से ही अमेरिका को पिछाड़ने की कोशिश में है। सन् 2008 की आयी आर्थिक मंदी अमेरिकी व नाटो देशों की अर्थव्यवस्था तोड़ने का चीनी षड्यंत्र ही था तो उसके जवाब में कोरोना वायरस को चीन में छोड़ना व रुस के पुराने साथी यूक्रेन में अपनी कठपुतली सरकार बना रुस को घेरना अमेरिकी षड्यंत्र। किंतु अमेरिकी खेल उल्टे पड़ गए और चीन ने कोरोना वायरस को वुहान से निकलने नहीं दिया उल्टे पूरी दुनिया में फैला दिया तो रूस ने यूक्रेन का ऐसा सर्वनाश किया कि पूरे यूरोप की हालत पतली हो गई और अमेरिकी भी यूक्रेन को सहायता देता देता मंदी का शिकार हो चला। रुस व चीन गठजोड़ हो सकता है आत्मघाती खेल खेल रहे हों किंतु अमेरिका व नाटो देश भी बुरी तरह हाँफ रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के चक्कर में अमेरिका को अफगानिस्तान से बीच में ही भागना पड़ा तो हाल ही में फ्रांस नाइजर को छोड़ भाग निकला क्योंकि यूक्रेन युद्ध में उनके संसाधन कम पड़ते जा रहे हैं और उस पर अब मध्य पूर्व एशिया का महासँकट। यूक्रेन संकट से कई गुना बड़ा भी और खतरनाक भी। फिलिस्तीन - इसराइल विवाद की यह उलझन तेल कूटनीति व अरब देशों से कमजोर पड़ते रिश्तों के बीच अमेरिका को इस क्षेत्र व खेल से बाहर न कर दे।

## बलात्कार के बाद

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नेता जी** हाथ जोड़े हमारे आंगन में खड़े थे। जबकि पिछले पाँच साल हम उनके आगे हाथ जोड़े साष्टांग लेटे हुए थे। तलवे भी चाट लेते थे। जरूरत हमारी थी सो सब कुछ करने को तैयार थे। आज उन्हें हमारी याद आ गयी। नाग डंसने की जगह हमें चाटना चाहता था। उन्होंने हमें देखते ही पहचान लिया। मतलबी हँसी हँसते हुए कहा झ ह्लपिछली बार तुम हमारे पास आए थे। काम तो बन गया न?ह्व हमने आँखें नीची कर लीं। नेता जी हमारे कंधे पर हाथ धरकर कहने लगे झ ह्लकहो-कहो कोई बात नहीं। याद करो तुम्हारी बहिन का जब बलात्कार हुआ था तब मैंने कितनी त्वरित कार्रवाई करते हुए मामला रफा-दफा किया था। तुम्हें अच्छा-खासा मुआवजा दिलाया था। तुम बेवकूफों की तरह जा रहे थे पुलिस केस करने। पुलिस केस करते चप्पलें घिस जाती। सिर के बाल झड़ जाते। चेहरे पर झुर्रियाँ पड़ जाती। कुल मिलाकर किसी काम के नहीं रह जाते। वह तो मैं था जो बीच-बचाव करके तुम्हारी बहिन के हिसाब जो रकम मिलनी चाहिए थी, दिला दी। मैं न होता तुम्हारा क्या होता? कोर्ट-कचहरी तुम्हारी बहिन और तुम्हें बलात्कारियों से ज्यादा गिद्ध की तरह नोच खाते। इसलिए तुम्हारे परिवार का वोट मुझे ही मिलना चाहिए। हमने सिर झुकाए हाथ जोड़े तलवाचाटु जुबान से कहना शुरू किया झ ह्लहाँ माई-बाप! आप ठीक कहते हैं। आपने मुझे बहुत बढ़िया सलाह दी कि मुझे कम आक्रामक होना चाहिए। सब भूल जाना चाहिए, सबसे प्यार करना चाहिए और अतीत के चंगुल से बाहर आना चाहिए। खैर !मैं आपसे सिर्फ यह पूछना चाहता हूँ कि क्या आपकी बहिन-बेटी का बलात्कार तो दूर छूने की किसी ने हिम्मत की है? क्या आपकी नियति पैदा होने से पूर्व अनुबंधित हुई है? क्या आपके लिए कभी गढ़ी गई सबसे गंदी गाली सुनने को मिली है? क्या आप कभी भी जय-जयकार के सिवाय बलात्कारी परिवार का सदस्य होकर चार कदम चने की कोशिश की है? क्या आपने कभी भी बिना गलती किए पुलिस की लाठी खायी है। क्या कभी दुर्घटना के बिना हाथ-पैर तुड़वाये हैं? क्या आपके सिर ने कभी किसी अपमान को ढोया है?

## न्यूज फ्लैश

### पेसिफिक ग्रुप ने फरीदाबाद में सबसे बड़े मॉल के साथ दिल्ली-एनसीआर में किया विस्तार



**फरीदाबाद:** रीटेल उद्योग में जाने-माने नाम पेसिफिक ग्रुप ने पहली बार फरीदाबाद के मार्केट में प्रवेश करते हुए द मॉल ऑफ फरीदाबाद की भव्य ओपनिंग की घोषणा की है। फरीदाबाद में सबसे बड़े शॉपिंग डेस्टिनेशन के रूप में यह मॉल उपभोक्ताओं के लिए खरीददारी के अनुभव के पूरी तरह से बदल देगा। अपने शानदार रीटेल पोटफोलियो, एफ एण्ड बी एवं एंटरटेनमेन्ट के ढेरों विकल्पों के साथ उनके अनुभव को नए स्तर तक ले जाएगा। 4 लाख वर्ग फीट रीटेल स्पेस में फैले मॉल ऑफ फरीदाबाद में 91 प्रवेश द्वार हैं, जो खरीददारी को बेहद सुविधाजनक बना देते हैं। 87 विभिन्न आउटलेट्स इसे खरीददारी का बेहतरीन गंतव्य बनाते हैं। पेसिफिक ग्रुप के एक्जक्टिव डायरेक्टर अभिषेक बंसल ने इस अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ह्यह्यमॉल ऑफ फरीदाबाद का लॉन्च करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हा रहा है, जो उत्कृष्ट रीटेल अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। फरीदाबाद दिल्ली-एनसीआर का आगामी भाग है। जाने-माने ब्राण्ड्स और सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह मॉल फरीदाबाद में खरीददारों के लिए आकर्षक गंतव्य बन जाएगा। मॉल ऑफ फरीदाबाद में मौजूद कुछ जाने-माने ब्राण्ड्स होंगे- लाईफस्टाइल, होमसेंटर, दीरिका हाइपरमार्केट, मैक्स, जुडिओ और दा मिलानो। इनके साथ-साथ कई अन्य ब्राण्ड्स आगंतुकों के लिए खरीददारी को बेहद खास बना देंगे। गैप, नायका लक्स और एप्पल जैसे ब्राण्ड पहली बार फरीदबाद में आ रहे हैं। एफ एण्ड बी पोर्टफोलियो की बात करें तो मॉल में आने वाले आगंतुक कैफे.दिल्ली हाईट्स, युनाईटेड कॉफी हाउस, पंजाब ग्रिल आदि में स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा सकेंगे। यहां एक मल्टीप्लेक्स और फूट कोर्ट भी होगा, जो खरीददारी के अनुभव को और भी बेहतर बना देगा। इसके अलावा परिवारों के लिए एंटरटेनमेन्ट सेंटर टाइमजोन पहली बार फरीदाबाद आ रहा है। देहरादून में आगामी परियोजना के साथ पेसिफिक ग्रुप ने कई नए लॉन्चेज की योजना बनाई है।

### सोमानी सेरेमिक्स ने हरियाणा के गुरुग्राम में खोला अपना ग्राण्डे स्टोर



**गुरुग्राम:** सेरेमिक टाईल्स के दुनिया के सबसे बड़े निमार्ताओं में से एक सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने गुरुग्राम, हरियाणा में अपने सोमानी ग्राण्डे शोरूम का उद्घाटन किया, जिसका प्रबन्धन आनंद बिल्डवे प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। 2100 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैला यह गुरुग्राम रीटेल डेस्टिनेशन टाइल्स एवं बाथवेयर प्रोडक्ट्स की शानदार रेंज के साथ उपभोक्ताओं को अनूठा अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है, इन प्रोडक्ट्स को खासतौर पर उपभोक्ताओं की पसंद एवं नए रूझानों को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। स्टोर में एक विशेष जोन है, जहां उपभोक्ता सोमानी मैक्स लार्ज फोर्मेट टाईल्स की एक्सक्लुजिव रेंज का अनुभव पा सकते हैं। इस शोरूम में सबसे आधुनिक एवं स्टाइलिश सैनिटरी वेयर और बाथ फिटिंग्स उपलब्ध हैं जो उपभोक्ताओं को निश्चित रूप से खूब पसंद आएंगी। उद्घाटन के अवसर पर श्री अभिषेक सोमानी, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जक्टिव ऑफिसर- सोमानी सेरेमिक्स लिमिटेड ने कहा ह्यह्यआज हमें सोमानी ग्राण्डे की ओपनिंग करते हुए बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, नए स्टोर्स की ओपनिंग के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं तक अपने प्रोडक्ट्स को सुलभ बना रहे हैं।

### प्लेटिनम लव बैण्ड्स के नए सीजन के कलेक्शन के साथ मनाएं अपने कमिटमेन्ट के खास पल का जश्न

**नई दिल्ली।** सेलिब्रेशन का सीजन आ चुका है, हम खुशियों के साथ त्योहारों के जश्न को यादगार बनाने के लिए तैयार हैं। बहुत से कपल्स के लिए ये दिन और भी खास होते हैं, जिनकी शादी या सालगिरह इन्हीं दिनों में आती है, या वे लोग जो अपने अनूठे रिश्ते को और भी खास बनाना चाहते हैं। ये वो पल हैं जब कपल्स एक दूसरे के लिए कमिटमेन्ट करते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि उनका प्यार सबसे खास और कीमती है। वे जानते हैं कि उन्हें अपने साथी से अच्छे, बुरे हर पल में उतना ही प्यार मिलने वाला है, वे जानते हैं कि उनके जैसा प्यार कहीं ओर नहीं! प्लेटिनम लव बैण्ड 95 फीसदी शुद्ध और दुर्लभ प्लेटिनम से बनाए जाते हैं, जो प्यार का प्रतीक हैं। ये उस प्यार का अहसास कराते हैं जो आधुनिक मूल्यों के साथ एक दूसरे के सम्मान करने, एक दूसरे की जीत पर खुशी जताने और एक साथ मिलकर जिम्मेदारियों को बांटने, पारम्परिक भूमिकाओं एवं लिंग से जुड़ी सभी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए प्रेरित करता है। इसी खास प्यार का जश्न मनाने के लिए प्लेटिनम लव बैण्ड अपना नया कलेक्शन लेकर आए हैं। इस शानदार कलेक्शन को आकर्षक रीपीटिंग पैटर्न, विशेष टेक्सचर, भव्य लाईनों के साथ बड़ी ही खूबसूरती से डिजाइन किया गया है।

# 'स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल बनाने के लिए तेजी से कार्य कर रहा है स्वास्थ्य विभाग'

## 'सभी मेडिकल रिपोर्टस को सुरक्षित रखने के लिए आभा पर आज ही बनाएं अपना अकाउंट'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिला सिविल** सर्जन डॉ० जयकिशोर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को डिजीटल बनाने के लिए विभाग तेजी से कार्य कर रहा है ताकि लोगों को आसानी से सभी सेवाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट( आभा) खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि नागरिक अपनी सभी मेडिकल रिपोर्टस को इस अकाउंट पर सुरक्षित रख सके। जिला नोडल अधिकारी डॉ० अनीता की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट के प्रशिक्षण के लिए पटवारी व ग्राम सचिवों की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उनको पूरी जानकारी दी गई कि आप किस प्रकार इस एकाउंट को खेल सकते हैं और चला सकते हैं। डॉ० अनीता ने कहा कि आयुष्मान हेल्थ अकाउंट एक डिजिटल कार्ड है, जिसमें आपके सभी मेडिकल रिकाड्र्स की जानकारी उपलब्ध रहेगी। आभा कार्ड के माध्यम से डॉक्टर आसानी से आपकी मेडिकल हिस्ट्री, देख सकते है। उन्होंने बताया कि आभा हेल्थ कार्ड को बीमा कंपनियों से भी जोड़ा गया है जिसके माध्यम से आपको बीमा क्लेम करने में भी आसानी होगी।

डॉ० अनीता ने कहा कि आपकी मेडिकल संबंधी रिपोर्ट्स आदि गुम होने का डर नही रहेगा और आप आसानी से अपना ऑनलाइन रिकॉर्ड रख पाएंगे। अगर आप दुसरे डॉक्टर के पास में जाते है, तो आपको साथ में मेडिकल रिपोर्ट्स और डॉक्टर के पर्चे ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रत्येक आभा हेल्थ कार्ड पर 14 अंको का एक यूनिक आईडी नंबर मलेगा और एक क्यूआर कोर्ड मिलेगा जिसकी मदद से आप अपनी मेडिकल हिस्ट्री निकाल सकते हैं। उन्होंने आयुष्मान चिरायु योजना को लेकर जानकारी दी कि हरियाणा सरकार द्वारा ऐसे लाभार्थियों को भी इस योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से तीन लाख है।

## पूर्व उपायुक्त श्यामलाल ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2:38 घंटे में पूरी की



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल ।** महेंद्रगढ़ के पूर्व उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने आज वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन (21.097) 2:38 धण्टें में पूरी की। इस इवेंट में 40 हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया था तथा देश विदेश के मशहूर धावकों ने इसमें शामिल रहे।

डेनियल एबेन्यो ने पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अलमाज आईना ने महिला वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। गौरतलब है कि वर्ष 2010 बैच के आईएएस श्री पूनिया ने यूपीएससी परीक्षा नारनौल में रहते हुए पास की थी। उन्हें मणिपुर कैडर हासिल हुआ था। इसके बाद वर्ष 2019 से 2022 तक हरियाणा में डेपुटेशन पर रहे। इस दौरान सोनीपत, झज्जर, नारनौल तथा चरखी दादरी के उपायुक्त भी रहे। वहीं यमुनानगर में निगमायुक्त व पानीपत में जिला नगर आयुक्त के तौर पर तैनात रहे। फिलहाल वे दिल्ली में केंद्र के डेपुटेशन पर हैं। श्री पूनिया खेलों में विशेष रूचि रखते हैं। उपायुक्त की तैनाती के दौरान भी जब भी उन्हें मौका मिला खिलाड़ियों के बीच पहुंच जाते थे।

कबड्डी से उनका विशेष लगाव रहा है। कई बार उन्होंने अचानक खिलाड़ियों के बीच जाकर कबड्डी में हाथ आजमाए। इसके अलावा ढोसी पहाड़ी पर भी दौड़ते हुए चढ़ते और उतरते थे।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल पानीपत रिफाइनरी पांचवी बार पानीपत का सर्वश्रेष्ठ स्कूल घोषित



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**
**दिल्ली पब्लिक** स्कूल (डीपीएस) पानीपत रिफाइनरी को लगातार पांचवी बार पानीपत के सर्वश्रेष्ठ को-एड स्कूल पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार एजुकेशन वर्ल्ड के इंडिया स्कूल रैंकिंग 2023 के अनुसार विद्यालय को 14 अक्टूबर, 2023 को दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में दिया गया। स्कूल के प्रिंसिपल श्री विनोद शर्मा ने इस पुरस्कार को ग्रहण किया। यह विशिष्ट पुरस्कार स्कूल को सत्र 2018-19 से लगातार पांचवी बार मिला है।

एजुकेशन वर्ल्ड प्रतिवर्ष देश भर के प्रतिष्ठित विद्यालयों को रैंकिंग के आधार पर विभिन्न श्रेणियों में अलग-अलग मापदंडों जैसे, शैक्षणिक प्रतिष्ठा, फैकल्टी योग्यता, लीडरशिप योग्यता इत्यादि के पैमानों पर माप कर पुरस्कृत करता है।

## आशा वर्करों ने जमकर किया धरना प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पिछले** दो महीनों से अधिक समय से आशा वर्कर प्रदेश भर में जगह जगह प्रदर्शन कर रहीं हैं। लेकिन अभी तक सरकार ने उनकी मांगो को नहीं माना है। जिसके चलते आज भी आशा वर्करर्स ने अम्बाला शहर में अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा। उन्होनें कहा कि सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उन्होनें कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगे नहीं मानती तब तक वे अपना धरना प्रदर्शन जारी रखेंगी। आशाओं की मांग है की आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाया जाए और न्यूनतम 26000 रुपये वेतन दिया जाए। आशा वर्करों को स्थाई कर्मचारी बनाया जाए।

आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि को महंगाई भत्ते से जोड़ा जाए।

## ट्यूबवेल आपरेटर यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर एडीसी को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/इन्द्रजीत सिंह**
**नारनौल।** ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटर यूनियन संबंधित एआईयूटीयूसी की ओर से आज एआईयूटीयूसी जिला प्रधान मास्टर सुबे सिंह व ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटर यूनियन के जिला प्रधान महेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों की मांगों को लेकर ज्ञापन अतिरिक्त उपायुक्त को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि अटेली ब्लाक में ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों के वेतन बनाने के लिए माह सितम्बर से सरपंच की तस्दीक फार्म लागू कर दिया है, जबकि जिला में अन्य किसी भी ब्लाक में यह शर्त लागू नहीं है। अतः पूरे जिले में एकरूपता अपनाते हुए अटेली ब्लाक के ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों को भी सरपंच की तस्दीक फार्म पर हस्ताक्षर से निजात दिलाई जाए। अतिरिक्त उपायुक्त ने ज्ञापन की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों ने अपनी परेशानी बताते हुए बताया कि सरपंच के तस्दीक फार्म में हस्ताक्षर हेतु ग्रामीण ट्यूबवेल ओपरटरों को सरपंच के पास कई चक्कर लगाने पड़ते हैं। सरपंच कई ग्रामीण ट्यूबवेल आपरेटरों से चुनावी रंजिश भी रखते हैं। अतः अटेली ब्लाक के ग्राम पंचायत ट्यूबवेल आपरेटरों को सरपंच की तस्दीक से निजात दिलाई जाए।

# रामलीला महोत्सव में राम बारात एवं राम विवाह का हुआ मंचन



**राम बारात**

**8 बारातियों के साथ पारंपरिक रूप से ढोल व बैंड बाजा के साथ श्रीराम की बारात निकली**

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल ।? भगवान** नारायण सेवा संस्था रजिस्टर्ड द्वारा श्री कृष्णा ड्रामेटिक क्लब अनाज मंडी के मंच पर पांचवें दिन रामलीला महोत्सव में रविवार को राम बारात एवं राम विवाह का मंचन किया गया।

रामलीला कमेटी के प्रभारी दयानंद सैनी मंत्री ने बताया कि पांचवें दिन कि रामलीला मे मुख्यअतिथि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता रवीन्द्र सिंह ढिल्लो मटरू व उनकी धर्मपत्नी दीपशिखा ढिल्लो व अन्य विशिष्ट जनों द्वारा माल्यापर्ण,दीप जलाकर लीला का शुभारंभ किया गया। सचिव मनोज निर्मल ने कहा कि अयोध्या से राजा दशरथ,भरत और शत्रुघ्न व आये हुये बारातियों के साथ पारंपरिक रूप से ढोल व बैंड बाजा के साथ श्रीराम की बारात निकली । इस बीच आतिशबाजी भी की गई। उसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से राम विवाह की लीला का मंचन हुआ! कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से दर्शकों को खूब आकर्षित किया। प्रवक्ता सुरेंद्र जैन ने बताया कि रामलीला मे राम- अरविंद सैनी, सीता- दिनेश सैनी,लक्ष्मण- ध्रुव वर्मा,भरत- कनिष्क कोहली,शत्रुघ्न - आयुष शर्मा,दशरथ- नवीन सिंघल, जनक- योगेंद्र निर्मल,सुमंत - वेदप्रकाश सैनी,जनक- महावीर, वशिष्ठ - हनी बंसल,बराती- समस्त नगरवासी, घराती जनक परिवार,जनक दूत- दयानंद सैनी मंत्री,विश्वामित्र- शुभम सोनी,सीता- दिनेश सैनी, जनक- योगेंद्र निर्मल, आदि कलाकारों ने अपनी कला से सबका मन मोह लिया! मंच का संचालन मनोज निर्मल ने किया। रामलीला को सार्थक और सफल बनाने में सभी शहर वासियों भरपूर सहयोग मिल रहा है ।? रामलीला मंचन में मनोज निर्मल,विजय जैन,जोगिंदर शर्मा, जगदीश बिल्ला, गोपाल जैन,पप्पी छककड, अनूप भाटा बिशन हलवाई,प्रेम गुलाटी, संजय वर्मा,अरविंद सैनी, संजय दोचानिया, प्रवक्ता सुरेंद्र जैन,मुकेश शर्मा,शुभम सोनी,वासुदेव,गौरव सिंघल,अनुप गर्ग,डॉ० ओमप्रकाश सैनी, आदि मौजूद थे।

## कल्याण ज्वेलर्स ने हरियाणा में की अपने 5वें शोरूम के लॉन्च की घोषणा

**पानीपत:** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक, कल्याण ज्वेलर्स ने आज पानीपत में अपना पहला शोरूम लॉन्च करने की घोषणा की।

पानीपत के यूनिटी वन मॉल में स्थित नए शोरूम का उद्घाटन, 18 अक्टूबर (बुधवार) को शाम 4 बजे, बॉलीवुड स्टार सोनाक्षी सिन्हा करेंगी। यह हरियाणा राज्य में कंपनी का 5वां शोरूम होगा। फिलहाल, इस आभूषण ब्रांड की उपस्थिति 4 स्थानों - हिसार, करनाल, गुरुग्राम और गुरुग्राम में गोल्ड सूक झ में है।

कंपनी के लिए पानीपत में बिल्कुल नए शोरूम का लॉन्च, नए बाजार में प्रवेश करते हुए, इस क्षेत्र में अपने खुदरा पदचिह्न और परिचालन का विस्तार करने की रणनीति का हिस्सा है। इससे यह ब्रांड, राज्य के ग्राहकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक सुलभ होगा और साथ ही इसकी विकास की गति बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।

शोरूम में कल्याण ज्वेलर्स के आभूषण संग्रहों की एक विस्तृत श्रृंखला के डिजाइन प्रदर्शित होंगे। आभूषण ब्रांड, ग्राहकों को खरीदारी का अनोखा अनुभव पेश करते हुए ग्राहकों को विश्व स्तरीय माहौल में अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करेगा।

लॉन्च के मौके पर, कल्याण ज्वेलर्स ने अनोखे प्रमोशन ऑफर की घोषणा की जिसके तहत न्यूनतम 1 लाख रुपये की खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए खरीद मूल्य के आधे पर 0% मेकिंग चार्ज लगेगा। इसके अतिरिक्त, कल्याण स्पेशल गोल्ड बोर्ड रेट झ जो बाजार में न्यूनतम है और कंपनी के हर शोरूम पर मानकीकृत है झ वह भी लागू होगा बाजार में सबसे कम और सभी कंपनी शोरूमों में मानकीकृत - भी लागू होगी।

## भाई की मौत के मामले में अंजू ने कोर्ट से लगाई न्याय की गुहार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
घसीटपुर रेलवे अंडर पास में हुए जलभराव के बीच 11 सितंबर 2023 को मृत मिले निशात बाग के कृष्णा (14) मामले में परिजनों को अभी भी इंसाफ का इंतजार है। एक माह बीतने के बावजूद पुलिस की तरफ से किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया। इस मौत के कारणों का खुलासा भी नहीं हो पाया। केवल गुमशुदगी का केस दर्ज हुआ है। ऐसे में परिजनों को जब कहीं से इंसाफ नहीं मिला तो हरियाणा-पंजाब हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। परिजनों का आरोप है कि गली-मोहल्ले के करीब चार बच्चे उसके भाई को लेकर गए थे और यह बात बच्चों ने चौकी इंचार्ज के सामने ही कबूली थी। कहा था कि अंडर पास से कपड़े उठाने के बाद कुएं में पत्थर से बांधकर फेंक दिए थे।

## बासमती धान की खरीद बंद होने पर किसानों का प्रदर्शन



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
सोमवार को खरखौदा में भारतीय किसान नौजवान यूनियन के बैनर तले किसानों ने इकट्ठे होकर धान की खरीद शुरू कराने के लिए अनाज मंडी से एसडीएम आफिस तक मार्च निकाला। किसी अति-आवश्यक आधिकारिक कार्य से बाहर गई हुई एसडीएम महोदया ने किसानों से फोन पर बात करी एवम कहा कि कल वे सुबह 9 बजे स्वयं अनाज मंडी का दौरा करेंगी एवम किसानों की समस्याएं सुनेंगी। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बासमती किस्मों की धान का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1200 डॉलर/टन तय किये जाने के बाद राइस मिलर्स हड़ताल पर चले गए हैं जिस से कल सुबह से धान की खरीद बन्द है। किसान की धान की फसल खुले आसमान के नीचे पड़ी है और किसान दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर है लेकिन कहीं भी फसल की खरीद नहीं हो रही है। किसानों ने सरकार से मांग करी है कि बासमती किस्म की धान के निर्यात पर 1200 डॉलर/टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य की शर्त को हटाया जाए और तुरन्त प्रभाव से धान की खरीद शुरू करवाई जाए।

उन्होंने बताया कि इस वर्तमान सरकार के 9 सालों में ऐसा कोई भी सीजन नहीं गया है जिसमें किसानों की फसल खरीद सुचारू रूप से हुई हो, हर सीजन में किसानों को परेशान किया गया है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि 20 अक्टूबर को बड़ी संख्या में पंजाब-हरियाणा के किसान मोहाली में इकट्ठे होकर सरकार पर धान की खरीदी शुरू कराने के लिए दबाव बनाएंगे। आज मुख्य तौर पर अनाज मंडी प्रधान नरेश दहिया, समुन्दर तोमर, बलवान दहिया, प्रवेश दहिया, प्रवीण दहिया, बुधराम सिंह कोहाड़, रोहताश दहिया, बिजेन्दर दहिया, राजसिंह दहिया, रामकुंवार दहिया, देशपाल दहिया, प्रकाश दहिया सहित किसान मौजूद रहे।

# 95 लाख से वार्ड 15 और 03 में बनाए जाएंगे दो धर्मशाला भवन

**विकास कार्य**

**8 कार्यक्रम में पहुचने पर वार्ड वासियों के द्वारा विधायक विज का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत शहरी** विधानसभा के वार्ड 15 और 03 में लगभग 95 लाख की लागत से दो धर्मशालाओ के भवन का निर्माण किया जाएगा, सोमवार को विधायक प्रमोद कुमार विज ने वार्ड 15 के कृष्णपुरा में स्थित दुर्गा धर्मशाला के निर्माण कार्य का शिलान्यास पार्षद सुमन छाबड़ा एवं वार्ड वासियों की उपस्थिति में नारियल तोड़ कर किया। कार्यक्रम में पहुचने पर वार्ड वासियों के द्वारा विधायक विज का स्वागत पुष्प वर्षा करके किया गया एवं वार्ड में भव्य धर्मशाला के निर्माण हेतु विधायक का आभार भी स्थानीय निवासियों ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विज ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति को सशक्त बनाने हेतु मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच को जमीन पर साकार रूप देने के लिए आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए पानीपत शहर मे 108 से ऊपर भवनों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है कुछ भवनों के कार्य पूर्ण हो गए है ककुछ होने बाकी है, शीघ्र ही सभी भवन जनता की सेवा हेतु समर्पित होंगे क पानीपत के पूर्ण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हू कविधायक ने सोमवार को ही वार्ड 03 मे स्थित गुरुद्वारा अर्जुन देव कम्यूनिटी सेंटर के निर्माण कार्य का शिलान्यास मेयर अवनीत कौर एवं पार्षद अंजलि शर्मा के साथ किया, 45 लाख की लागत से धर्मशाला का निर्माण कराया जाएगा कवार्ड 03 के निवासियों ने विधायक का धर्मशाला निर्माण करवाने हेतु आभार व्यक्त किया है क वार्ड 15 में 50 लाख की लागत से होगा शिवपुरी का जीर्णोद्धारः- विधायक विज ने वार्ड 15 में स्थित शिवपुरी के निर्माण कार्य का शिलान्यास मेयर अवनीत कौर और स्थानीय पार्षदों की उपस्थिति में सोमवार को किया क शिवपुरी के निर्माण में 50 लाख की लागत आएगी।

# तेज बारिश से मंडियों में धान भीगने से किसानों का हुआ नुकसान

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सुबह से हुई बरसात के कारण आज एक तरफ जहां मौसम में ठंडक आ गई तो वहीं किसानों के लिए बरसात किसी समस्या से कम नहीं है। आज सुबह हुई बरसात के कारण काफी नुक्सान हुआ है। बाढ़ में हुआ नुकसान किसानों को अब तक झेलने पड़ रहा है उसकी भरपाई आज भी नहीं हो पाई है और अब बरसात होना किसान की मुश्किलें और बढ़ा रहा है मंडियों में किसानों का धान भीग रहा है जिसको लेकर किसानों ने दुख जाहिर किया है व खेतों में खड़ी अपनी फसल के लिए चिंता जाताई है। दो दिन से रुक रुक कर हो रही बारिश किसानों की मुश्किलें बढ़ा रही है।


मंडी में फसल लेकर पहुंचे किसानों ने बताया की न केवल उन्हें खेतों में खड़ी फसल की चिंता है बल्कि मंडी में जितनी फसल लेकर आए हैं उसके लिए भी वे लोग चिंतित है क्योंकि मंडी में आने के बाद भी उनकी फसल भीग रही है और मंडी में इसके लिए कोई प्रबंध नहीं किया गया। जितना धान मंडी में है उतनी ही फसल उनके खेतों में खड़ी है लेकिन बारिश ने उनकी समस्या और भी बढ़ा दी है पहले भी सरकार ने बाढ़ से पीड़ित किसानों को राहत नहीं दी बाढ़ में कई किसानों का नुकसान हुआ। आज तक उसकी कोई भरपाई नहीं हुई है कुछ किसान तो ऐसे हैं जिनके पास खेती करने के लिए 1 खेत तक नहीं बचा जिनकी और सरकार बिल्कुल ध्यान नहीं दे रही और ऐसे में अब यह बेमौसमी बरसात गरीब मार कर रही है। बरसात से परेशान किसान सरकार से भी खफा नजर आए उनका कहना है कि सरकार हमेशा किसानों के साथ वायदे करती है आश्वासन देती है लेकिन कभी भी सरकार किसानों के हित की बात नहीं करती कभी किसानो की सहायता नहीं की जाती और इस बार भी ऐसा ही हो रहा है मंडियों में फसल का उठान सही से नहीं हो रहा।

# नरेला सुभाष रामलीला: राम जन्म, ताड़का वध रहा मुख्य प्रसंग

## भए प्रगट कृपाला: रामलीला के दूसरे दिन हुआ भगवान राम का जन्म, जयकारों से गूंज उठा पूरा पंडाल, बेहद मनमोहक है मंच की साज सज्जा






**नई दिल्ली / टीम एक्शन इंडिया**
**अंग्रेजों** की गुलामी से देश को 1947 में आजादी मिली, उसी साल नरेला में रामलीला का पहली बार मंचन हुआ। स्थानीय कलाकारों ने रामायण के विभिन्न पात्रों का मंचन किया। पिछले 76 वर्षों से अनवरत जारी सुभाष रामलीला में हालांकि अब मुंबई, दिल्ली व देश के अन्य राज्यों से आए टीवी के पेशेवर कलाकार अभिनय करते हैं। यही कारण है कि नरेला की सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब की गिनती बाहरी दिल्ली की सबसे बड़ी रामलीलाओं में की जाती है।


सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में 77 वीं वर्ष की ऐतिहासिक रामलीला के दूसरे दिन रामलीला का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी श्यामलाल मंगला और प्रसिद्ध डॉ. दीपक वर्मा ने राम भक्त हनुमान की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व रिबन काटकर किया। इस दौरान उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला मंचन के आयोजन पर बधाई दी। साथ ही सुभाष रामलीला के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि का स्वागत सम्मान पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर, पुष्पगुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। रामलीला के दूसरे दिन श्रीराम जन्म से लेकर सुबाहु मारीच वध तक की लीला का मंचन हुआ। श्री राम जन्म की घोषणा के साथ ही रामलीला देखने आए दर्शक भक्ति सागर में डूब गए। जय श्रीराम जय श्रीराम के स्वरों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। मंच पर मौजूद कलाकारों से लेकर दर्शक तक आनंद से झूम उठे। वहीं, ताड़का वध प्रसंग में ताड़का की भयंकर गर्जना ने सभी को खूब प्रभावित किया। खासकर महिलाओं और बच्चों को ये दृश्य खूब पसंद आया।

**क्या बोले प्रधान विष्णु भारद्वाज**
सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि ऐतिहासिक सुभाष रामलीला का मंचन 1947 से निरंतर हो रहा है। हमारा प्रयास रहता है कि बेहतर से बेहतर लीला का मंचन दर्शकों के सम्मुख प्रस्तुत कर सकें। मैं लीला देखने आए सभी राम भक्तों का स्वागत करता हूं और सभी से कहना चाहता हूं कि सभी मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए हुए मार्ग पर चलें।

**श्री राम जन्म होते ही बधाइयों से गूंजा पंडाल, हर्षित हुए दर्शक**: भव्य रामलीला मंचन के दूसरे दिन श्रीराम जन्म प्रसंग से रामलीला की शुरूआत हुई। राम जन्म होते ही अयोध्या नगरी उल्लास से भर उठती है। हर नगरवासी इसे उत्सव के रूप में मनाने को बेचैन है। पूरे नगर को इस अवसर पर सजाया गया है, यही नहीं अयोध्या के घर घर में बधाई गीत मधुर ध्वनि वातावरण में गूंज रही है। कलाकारों ने राम जन्म का ऐसा सुंदर मंचन किया कि हर किसी ने उनकी अदाकारी की तारीफ की। ऐतिहासिक रामलीला को देखने हजारों की संख्या में आए दर्शक भक्ति सागर में डूब गए। जय श्रीराम, जय श्रीराम के स्वरों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

**ये लोग रहे मौजूद** : इस मौके पर सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के संरक्षक मोहनपुरी, संरक्षक लोकेश गर्ग, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उप प्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला, लेखाकार अनिल कुमार गर्ग व शुभम रोहिल्ला, संगठन सचिव मुकेश बंसल, मंच संचालक सुरेश गुप्ता, ऑडिटर डॉ. सचिन कौशिक व डॉ. शुभम रोहिल्ला विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, मोहित गौतम सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।






**श्यामलाल मंगला, प्रसिद्ध समाजसेवी**
**सुभाष** रामलीला द्वारा 77 सालों से अनवरत नरेला में रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। यह रामलीला पूरी दिल्ली एनसीआर में प्रसिद्ध है। इसमें कलाकारों द्वारा सभी पात्रों का जीवंत मंचन किया है। लीला को देखने से एकदम से दर्शकों को त्रेता युग जैसा माहौल महसूस होता है। सुभाष रामलीला के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, कलाकार साधुवाद व बधाई के पात्र हैं।



**मोहनपुरी, संरक्षक, सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब**
ऐतिहासिक सुभाष रामलीला द्वारा भव्य रामलीला का मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के मंझे हुए कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। रोज हजारों की संख्या राम भक्त दूर दराज के इलाकों से पहुंच कर लीला का आनंद ले रहे हैं। मैं सभी राम भक्तों का तहे दिल से हार्दिक स्वागत करता हूं। 24 अक्टूबर को विशाल व भव्य दशहरा महोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा।




**विष्णु भारद्वाज, प्रधान, सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब नरेला**
सुभाष रामलीला द्वारा 77वीं भव्य रामलीला का मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के मंझे हुए कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। हजारों की संख्या में राम भक्त लीला का आनंद ले रहे हैं। लीला का मंचन विशेष लाइट, साउंड इफेक्ट एवं स्मोक की इफेक्ट के मिश्रण से किया जा रहा है। विजयदशमी के दिन नरेला के इतिहास में पहली बार हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।




**डॉ दीपक वर्मा, डॉ दीपक वर्मा न्यूरोसायकेट्री क्लिनिक,**
**हम** सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के सभी पदाधिकारी सदस्यों को भव्य रामलीला मंचन के आयोजन पर बहुत-बहुत बधाई।

# केवल पार्क रामलीला : भगवान राम जन्म, ताड़का वध रहे मुख्य प्रसंग

## रामलीला के दूसरे दिन हुआ भगवान राम का जन्म, गूंजे जयकारे, बारिश के बावजूद भक्तों का कम नहीं हुआ उत्साह





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्री आदर्श कला केंद्र, रामलीला कमेटी, केवल पार्क की रामलीला में विभिन्न प्रसंगों का मंझे हुए कलाकारों ने बेहद मनमोहक मंचन किया, जिसे देख दर्शक भावविभोर हो रहे। 50 साल से अधिक वर्षों से निरंतर जारी इस रामलीला के दूसरे दिन भगवान राम जन्म और ताड़का वध का मंचन किया गया।


**दीप प्रज्जवलन कर हुआ मंचन का शुभारंभ**: रामलीला मंचन का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत-सत्कार के साथ हुआ। साथ ही पटका पहनाकर अतिथियों का भव्य स्वागत हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने सभी से भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

**राम जन्म का हुआ मंचन** : भव्य रामलीला मंचन के दूसरे दिन श्रीराम जन्म प्रसंग से रामलीला की शुरूआत हुई। राम जन्म होते ही अयोध्या नगरी उल्लास से भर उठती है। हर नगरवासी इसे उत्सव के रूप में मनाने को बेचैन है।

यही नहीं अयोध्या के घर घर में बधाई गीत मधुर ध्वनि वातावरण में गूंज रही है। मंझे हुए कलाकारों ने राम जन्म का ऐसा सुंदर मंचन किया कि पूरी दर्शकदीर्घा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। इस दौरान जय श्रीराम के नारे लगने लगे।

**ताड़का वध का हुआ मंचन**: भगवान राम और लक्ष्मी गुरू के साथ जाते हैं तो राक्षसी ताड़का से भयंकर युद्ध होता है। राक्षसी ताड़का भगवान राम और लक्ष्मण को मारने के लिए दौड़ती है तो भगवान राम और लक्ष्मण अपने बाणों से ताड़का का वध करते हैं।

इस प्रसंग का मंचन जब कलाकारों ने किया तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो आप खुद त्रेता युग में पहुंच गए। राक्षसी ताड़का के वध के बाद भगवान राम और लक्ष्मण के जयघोष हुए।




**विनोद तायल, प्रधान**: केवल पार्क रामलीला की शुरूआत लगभग 50 वर्ष पहले मेरे बड़े भाई सजन पाल गर्ग जी ने की थी। हम तब छोटे छोटे थे। मैं तो अपने आप को भगवान श्री राम का कृपा पात्र मानता हूँ कि मुझे इस पावन रामलीला के प्रधान के रूप में बहुत बड़ी ज़िम्मेवारी मिली है। दूर-दूर से लोग रामलीला को देखने आते हैं। मैं लोगों से अपील करूंगा कि भगवान राम के दिखाए हुए मार्ग पर चलें और सत्य का मार्ग कठिन होता है लेकिन सत्य के मार्ग पर चलकर ही उद्धार होता है।



**हरीश भारद्वाज, महासचिव**: केवल पार्क रामलीला की पहचान इसकी उत्तम व्यवस्था, लाजवाब अभिनय और हर साल कुछ नया करने की कोशिश से होती है। इस बार भी हमने बहुत कुछ नया करने की कोशिश की है। उम्मीद है सभी को पसंद आएगा। हम सभी को सच्चे मन से मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम की अराधना करनी चाहिए। रामलीला में दिखाए गए दृश्यों से प्रेरणा लेते हुए बुजुर्गों का मान-सम्मान करना चाहिए।



**बलबीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष** : हम सभी को भगवान राम के आदर्शों का पालन करना चाहिए। दूसरों के प्रति दया, करूणा की भावना दिल में रखनी चाहिए और धर्म के मार्ग से कतई विचलित नहीं होना चाहिए। इसलिए सभी को सत्य की राह पर चलते हुए समाजसेवा के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए और निर्धन और असहायों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। मैं प्रभु श्रीराम से प्रार्थना करता हूं कि ईश्वर सभी के जीवन में खुशियां लाएं।